दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 341 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025 | कार्तिक, कृष्ण अष्टमी संवत् - 2082
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत



## नव विधान - न्याय की नई पहचान‘ प्रदर्शनी का शुभारंभ समारोह

# तीन नए आपराधिक कानून 21वीं सदी के सबसे बड़े रिफॉर्म्स दण्ड के स्थान पर न्याय से प्रेरित हैं कानून : शाह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 160 साल पुराने कानूनों को समाप्त कर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लाए हैं। इन तीन नए कानूनों की पूर्ण क्रियान्विति से आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि ये नए कानून दण्ड के स्थान पर न्याय से प्रेरित है। इनसे नागरिकों को समय पर सुलभ तरीके से न्याय सुनिश्चित हो सकेगा। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अन्तर्गत बेहतरीन काम किया है। समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हुए, जिनमें से तीन लाख करोड़ के एमओयू का कार्य पूर्व में धरातल पर शुरू हो चुका है। वहीं आज लगभग चार लाख करोड़ रुपये से अधिक का भूमि पूजन हुआ है। शाह ने कहा कि हम जो कहते हैं, वो करते हैं। मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में इतने कम समय में 7 लाख करोड़ रुपये के एमओयू जमीन पर उतरे हैं।




यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। शाह सोमवार को जेईसीसी, सीतापुरा में तीन नए आपराधिक कानूनों पर आधारित ‘नव विधान - न्याय की नई पहचान‘ प्रदर्शनी के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नए कानून नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों को सुलभ और सुगम बनाते है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय इन कानूनों की क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि तीन नए कानूनों पर राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रदर्शनी का आवश्यक रूप से अवलोकन करें।

### राजस्थान में सजा दिलाने की दर बढ़ी, 60 प्रतिशत पहुंची

शाह ने कहा कि तीन नए कानूनों के लागू होने के बाद राजस्थान में अपराधियों को सजा दिलाने की दर में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। एक वर्ष के समय में सजा दिलाने की दर 42 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत पहुंच गई है। इसे हम 90 प्रतिशत तक लेकर जाएंगें।

### ईज ऑफ जस्टिस में बड़ा परिवर्तन

केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ईज ऑफ लिविंग के लिए देश में कई परिवर्तन किए हैं और इन नए कानूनों के माध्यम से देशभर में ईज ऑफ जस्टिस में भी बड़ा परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि इन कानूनों में महिलाओं, बच्चों के साथ-साथ ई-एफआईआर और जीरो एफआईआर के प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। साथ ही, 7 साल से अधिक की सजा वाले अपराधों में फॉरेन्सिक जांच को अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि इनमें आतंकवाद, मॉब लिंचिंग, डिजिटल अपराध की पहली बार व्याख्या भी की गई है।

### दुनिया में सबसे आधुनिक होगी भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली

उन्होंने कहा कि तीन नए कानून 21वीं सदी के सबसे बड़े रिफॉर्म्स हैं। इनके पूर्ण क्रियान्वयन के बाद भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक न्याय प्रणाली होगी। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के लागू होने के बाद विभिन्न अपराधों में चार्जशीट दायर करने की दर 50 प्रतिशत पहुंच गई हैं जिसे हम 90 प्रतिशत तक पहुंचाएंगे।

## इकोनॉमिक्स का नोबेल अमेरका के जोएल मोकिर, पीटर हॉविट और ब्रिटेन के फिलिप एगियॉन को

बढ़ता राजस्थान

**स्टॉकहोम (एजेंसी)**। इस साल इकोनॉमिक्स का नोबेल पुरस्कार तीन अर्थशास्त्रियों जोएल मोकिर (अमेरिका), पीटर हॉविट (अमेरिका) और फिलिप एगियॉन (यूके) को मिला है।



नोबेल समिति ने बताया कि इन अर्थशास्त्रियों ने बताया कि इनोवेशन से कैसे आर्थिक विकास का रास्ता खुलता है। तकनीक तेजी से बदलती है और हम सभी पर असर डालती है। उत्पाद और उत्पादन के नए तरीके पुराने तरीकों को बदलते रहते हैं और यह प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती। यही लगातार आर्थिक विकास का आधार है, जिससे दुनिया भर के लोगों की जीवन गुणवत्ता, स्वास्थ्य और जीवन स्तर बेहतर होता है। विजेताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपए), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा। पुरस्कार 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में दिए जाएंगे। नोबेल समिति के मुताबिक, जोएल मोकिर ने इतिहास को देखकर यह बताया कि लगातार आर्थिक विकास क्यों हो पाया। उन्होंने कहा कि अगर नए-नए आविष्कार और सुधार लगातार होते रहते हैं, तो हमें सिर्फ यह पता होना जरूरी नहीं कि कोई चीज काम करती है, बल्कि यह भी समझना जरूरी है कि क्यों वह काम करती है। औद्योगिक क्रांति से पहले लोग यह अक्सर नहीं समझ पाते थे, इसलिए नए खोजों और आविष्कारों का सही इस्तेमाल करना मुश्किल था।

## सरकारी टीचर ने किया पूर्व मंत्री पर हमला


बढ़ता राजस्थान

**जालोर (निसं)**। जालोर में पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल की गाड़ी पर एक सरकारी टीचर ने हमला कर दिया। पूर्व मंत्री की गाड़ी ओवरटेक करते समय टीचर की गाड़ी से टच हो गई। इससे आक्रोशित टीचर ने पूर्व मंत्री की गाड़ी के आगे अपनी कार लगा दी। ड्राइवर को पीटने लगा, बीच-बचाव करने आए पूर्व मंत्री मेघवाल की तरफ भी मारपीट करने के लिए दौड़ा। कार का गेट बंद होने के चलते विंडो की कांच पर मुक्के मारे। इसके बाद आरोपी टीचर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया।

## चांदी एक दिन में 10,825 महंगी, 1.75 लाख पार पहुंची

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। सोने और चांदी की कीमत पुष्य नक्षत्र से एक दिन पहले 13 अक्टूबर को अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, चांदी की कीमत एक दिन में 10,825 रुपए बढ़कर 1,75,325 रुपए प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। शुक्रवार को ये 1,64,500 रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2,630 रुपए बढ़कर 1,24,155 रुपए हो गए हैं। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,21,525 रुपए पर था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। 1.55 लाख रुपए तक जा सकता है सोना गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डॉलर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपए में यह लगभग 1,55,000 रुपए प्रति 10 ग्राम होगा।




## ‘EPF अकाउंट से अब पूरा पैसा निकाल सकेंगे’

**नई दिल्ली**। अब EPF अकाउंट से पूरा पैसा निकाला जा सकेगा। एम्प्लॉई प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (EPFO) ने सोमवार (13 अक्टूबर) को हुई सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (CBT) की मीटिंग में इसका ऐलान किया। सेंट्रल लेबर मिनिस्टर मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में कई राहत भरे फैसले लिए गए। इन फैसलों से नौकरीपेशा लोगों को अपने EPF से पैसा निकालना अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा। EPFO ने पुराने 13 कठिन नियमों को खत्म कर अब केवल तीन कैटेगरी में पार्शियल विड्रॉल के नियम बनाए हैं। जिसमें आवश्यक जरूरतें (बीमारी, शिक्षा, शादी), हाउसिंग जरूरतें (मकान से जुड़े खर्चे) और विशेष परिस्थितियां शामिल हैं।

### आवश्यकता

प्रदेश के सबसे तेज और विश्वसनीय समाचार पत्र दैनिक बढ़ता राजस्थान को टोंक जिले में सभी तहसील मुख्यालयों पर संवाददाताओं की आवश्यकता है।इच्छुक पत्रकार साथी सम्पर्क करें।

पुरूषोत्तम जोशी
जिला ब्यूरो चीफ
टोंक, राजस्थान
मों. 9783610610



# युवाओं के सपनों को और लग सकेंगे पंख

## स्वरोजगार के लिए विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना लागू

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** उद्योग विभाग ने युवाओं के लिए विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना लागू की है। इस योजना से युवाओं में उद्यमिता विकास एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहन मिलेगा। युवा अपने लिए उद्योग की स्थापना एवं उद्योग विस्तार या आधुनिकीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक सहीराम ने बताया कि योजना में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के उद्यम के लिए एक करोड़ रुपए तक के ऋण पर 8 प्रतिशत व एक से दो करोड़ तक के ऋण पर 7 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान देय है। साथ ही उद्यमियों को 25 प्रतिशत मार्जिन मनी का भी भुगतान किया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 5 लाख रुपए तक होगी। योजना में केवल कम्पोजिट ऋण को ही अनुमत किया गया है, जिसके तहत कार्यशील पूंजी ऋण की अधिकतम सीमा कुल ऋण का 30 प्रतिशत रखी गई है।

**इस वर्ग को मिलेगा और ज्यादा लाभ :** योजना के तहत महिला, एससी-एसटी, दिव्यांग, ग्रामीण उद्यम और पंजीकृत हस्तशिल्पी व बुनकर को एक करोड़ से अधिक के ऋण पर एक प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान का भी लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत 18 से 45 वर्ष की आयु वर्ग के युवा या उनके द्वारा संचालित भागीदारी फर्म व कंपनी को पात्र माना गया है।

**आवेदन ऑनलाइन...**

योजना में आवेदन के इच्छुक उद्यमी एसएसओ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में भी संपर्क किया जा सकता है।

**- सहीराम, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, सिरोही**

## देशक ने किया सेवा शिविर का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही (नि.स.)।** नगर परिषद में आयोजित शहरी सेवा शिविर का स्वायत शासन विभाग के संयुक्त निदेशक श्री चंद ने निरीक्षण किया। लोगों से संवाद किया तथा समस्या निराकरण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। आयुक्त शिवपाल सिंह ने बताया कि शिविर में आने वाली समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। योजनाओं से लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया जा रहा है। सोमवार को संयुक्त निदेशक श्री चंद व आयुक्त शिवपाल सिंह ने प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर योजना पीएम स्वनिधि के तहत चेक, मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तीन पट्टे, भवन निर्माण स्वीकृति व 18 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए। इस दौरान गोपाल माली, आरओ भंवराराम, राजस्व निरीक्षक सुशीलकुमार पुरोहित, जिला परियोजना प्रबंधक ओमसिंह, योजना प्रभारी हनुमान शर्मा आदि उपस्थित थे।

## रात को घर के बाहर खड़ी कार चोरी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** सदर थाना क्षेत्र के गोयली गांव में घर के बाहर खड़ी कार कोई चुरा ले गया। पुलिस के अनुसार कार मालिक जितेंद्रकुमार पुत्र रतनलाल गर्ग ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी सफेद रंग की गुजरात पासिंग कार घर के बाहर खड़ी थी। सुबह देखने पर कार नहीं मिली। इस पर सीसी टीवी कैमरों को खंगाला गया। तब पता चला कि रात ढाई से तीन बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति कार को चुरा ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल खीमसिंह को सौंपी।

## जाट समाज चौरासी प्रतिभा सम्मान समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** जाट समाज चौरासी प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन आज मंगलवार को रखा गया है। जाट समाज चौरासी महामंत्री देवीसिंह सोलंकी व मीडिया प्रभारी करतार सिंह चौधरी धंधावली ने बताया कि जाट समाज चौरासी के तत्वावधान में जाट समाज चौरासी सम्मान समारोह 14 अक्टूबर 2025 मंगलवार को सुबह 10 बजे जाट छात्रावास हिण्डौनसिटी में जाट समाज चौरासी अध्यक्ष गजानंद चौधरी की अध्यक्षता में आयोजन किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, विशिष्ट अतिथि खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जल संसाधन मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, नसीराबाद (अजमेर) विधायक रामस्वरूप लांबा, राजस्थान जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजाराम मील, कांग्रेस राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, भाजपा प्रभारी हरियाणा प्रदेश सतीश पूनिया रहेंगे। समारोह लगभग 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में जाट समाज चौरासी सरदारी व सभी प्रतिभाएं समय पर पधारकर समारोह की शोभा बढ़ाएं।

## डॉ सुरेश चतुर्वेदी को मिला साहित्य मनीषी अवार्ड

बढ़ता राजस्थान



**हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** कस्बा सूरौठ निवासी साहित्यकार एवं आयुर्वेद विभाग के रिटायर्ड उपनिदेशक डॉ सुरेश चतुर्वेदी को साहित्य मनीषी अवार्ड से नवाजा गया है। राजस्थान जन सांस्कृतिक परिषद के तत्वाधान में भरतपुर संभाग मुख्यालय पर एक मैरिज होम में आयोजित साहित्यकारों के महासंगम कार्यक्रम में सूरौठ निवासी डॉ चतुर्वेदी को साहित्य मनीषी उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लोहागढ़ साहित्य सुमन साझा संकलन का विमोचन भी किया। राजस्थान जन सांस्कृतिक परिषद के पदाधिकारी वेद प्रकाश 'वेद', राजेंद्र अनुरागी, श्याम सिंह जघीना, डॉक्टर अशोक कुमार गुप्ता, लोकेश सिंघल, डॉ रामदास शर्मा एवं निर्मल औदिच्य ने डॉ सुरेश चतुर्वेदी को साफा, माला, दुपट्टा, पुस्तक, श्री गणेश प्रतिमा एवं प्रतीक चिन्ह देकर साहित्य मनीषी अवार्ड से सम्मानित किया। डॉ चतुर्वेदी को यह पुरस्कार साहित्य के क्षेत्र में अर्जित की गई उपलब्धियों के लिए दिया गया है।

## फेस योगा व महामृत्युंजय मंत्र पर विश्व रिकॉर्ड के लिये आज जुटेंगे 3000 से अधिक साधक

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** डायनेमिक योगा स्टूडियो की ओर से 14 अक्टूबर को फिल्ड क्लब मैदान पर योगा फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 3000 लोगों द्वारा किये जाने वाले 108 बार महामृत्युंजय मंत्र,फेस योगा व 21 लोगों द्वारा व्यक्तिगत स्तर पर किये जाने वाले योगा को लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया जायेगा।

# हाय री मजबूरीः गड्ढों के बीच ठोकरें खाएंगे और देखेंगे सजावट

## छलनी हुई पड़ी सड़कों और ऊपर किया सजावट का ताना-बाना

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** शहर की अधिकतर सड़कें छलनी हुई पड़ी है और सजावट के लिए, तोरणद्वार लगाए जा रहे हैं। दीपावली को लेकर नगर परिषद ने सजावट की तैयारी कर दी है, लेकिन सड़कों की मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया। सजावट देखने के चक्कर में लोग न केवल गड्ढों से ठोकरें खाएंगे वरन् हादसों का शिकार भी होंगे। सजावट पर लाखों रुपए खर्च करने वाले अधिकारी सड़कों की मरम्मत पर कब ध्यान देंगे, कहना मुश्किल है। उधर, गड्ढों के बीच तोरणद्वार लगए जाने को लेकर शहरवासियों में भी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि गड्ढों के बीच सजावट और रोशनी सज्जा का कोई मतलब नहीं है। पहले सड़कों की मरम्मत करानी चाहिए थी।





**गड्ढों में गुम हो जाएगी रोशनी**

नगर परिषद की ओर से शहर में तोरणद्वार लगाए जा रहे हैं। रोशनी के लिए लड़ियां भी लगाई जाएगी, लेकिन यह रोशनी नीचे आकर गड्ढों में गुम हो जाएगी। उड़ती धूल व गड्ढों के कारण लोगों के लिए चलना तक दूभर हो गया। ऐसे में दीपावली की खुशियां कहीं बेमजा न हो जाए तो गनीमत है।

**सड़क मरम्मत पर ध्यान ही नहीं**

आमतौर पर बारिश के बाद और दीपावली से पहले सड़कों की एक बार मरम्मत जरूर की जाती है, लेकिन नगर परिषद को शायद इसकी कोई परवाह नहीं है। यही कारण है कि दीपावली सिर पर होने के बावजूद सड़कों की मरम्मत नहीं करवाई जा रही। हां, दीपावली की सजावट के लिए तोरणद्वार जरूर लगा दिए।

**टूटे गमलों को भी रंग से पोत दिया**

इसे नगर परिषद की कारस्तानी ही कहा जाएगा कि सजावट के नाम पर बजट व्यय करने को आमादा है। शहर में फुटपाथ पर लगे गमलों को भी रंग-रोगन किया जा रहा है। मानते है कि इससे सौंदर्यन बढ़ेगा, लेकिन क्या टूटे-फूटे गमलों को भी रंग-रोगन करना उचित है। इन टूटे गमलों को बदलने के बजाय रंग पोता गया है।

# 70 दिन बाद बरामद हुई अग्निवीर भीम सिंह की पार्थिव देह

## उत्तरकाशी बादल फटने की त्रासदी में लापता हुए थे, डीएनए से हुई पहचान, सैन्य सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के पावटा उपखंड के ग्राम भौनावास निवासी अग्निवीर भीम सिंह की पार्थिव देह 70 दिन बाद बरामद हुई है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में बादल फटने की घटना में लापता हुए भीम सिंह की शिनाख्त डीएनए रिपोर्ट से हुई है। भीम सिंह पुत्र महेश सिंह भारतीय सेना की 14 राजपूताना राइफल्स में अग्निवीर के रूप में कार्यरत थे। वे सिर्फ आठ महीने पहले ही सेना में भर्ती हुए थे और यह उनकी पहली पोस्टिंग थी। भीम सिंह के दादा सेवानिवृत्त हवलदार ओनाड सिंह ने बताया कि सेना के सीओ हर्षवर्धन सिंह ने फोन पर जानकारी दी कि डीएनए मिलान रिपोर्ट में भीम सिंह की पहचान की पुष्टि हो गई है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, हर आंख नम है, लेकिन गर्व भी है कि भौनावास का लाल देश की सेवा में शहीद हुआ। मंगलवार को शहीद का पार्थिव देह प्रागपुरा पुलिस थाने पर पहुंचेगा। जहां से शहीद की पार्थिव देह उनके पैतृक गांव भौनावास पहुंचेगी। जहां सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पहले प्रागपुरा पुलिस थाने से भौनावास तक सुबह 09 बजे विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। सत्ताईसा राजपूत समाज के अध्यक्ष दशरथ सिंह शेखावत ने बताया कि शहीद को अंतिम विदाई देने के लिए पूरे क्षेत्र से लोग उमड़ेंगे।



# डीपीएस के खिलाड़ियों का एथलेटिक्स मुकाबले में शानदार प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** 69 वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता दिनांक 8 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक अंडर.14 वर्ग हेतु राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भिंडर व अंडर.17 तथा अंडर.19 वर्ग हेतु राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भुवाणा में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल्स उदयपुर के विद्यार्थियों ने अंडर 14ए अंडर 17ए अंडर 19 सभी वर्गों में उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा व कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय में एथलेटिक्स की प्रशिक्षिका कुमकुम सैनी ने बताया कि अंडर 14 वर्ग में कक्षा 7 की आरना चैहान ने 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। इसी क्रम में 4म 100 रिले दौड़ में योशिता सुथारए रक्षिता शर्माए प्रिशा जैन और आरना चैहान ने द्वितीय स्थान पर जीत हासिल कर रजत पदक पर अपनी दावेदारी सुनिश्चित कर ली। अंडर.17 वर्ग में कक्षा 9 के देवेन्द्र सिंह ने 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवालए प्राचार्य संजय नरवरिया तथा उपप्राचार्य राजेश धाभाई ने सभी खिलाड़ियों को व उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।




# निमाज में हॉकी सचिव डॉ. पविज सिंह विश्नोई का भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निमाज, (ईश्वर सिंह सूर्यवंशी)।** हॉकी खेल नगरी निमाज में सोमवार को खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक राजस्थान हॉकी सचिव डॉ. पविज सिंह विश्नोई और रेलवे विभाग में कार्यरत अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सहीराम विश्नोई का मारवाड़ी रीति रिवाज से भव्य स्वागत किया। दोनों अतिथि फलौदी से जयपुर की यात्रा के दौरान निमाज पहुंचे, जहां स्थानीय हॉकी प्रेमियों ने मालाओं व साफा पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर खेलजगत में उनके योगदान की सराहना करते हुए सभी ने निमाज को हॉकी की धरती बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान जोधाराम गुर्जर, नन्दु सिंह, अश्विनी कुमार, राकेशराव, नारायणराम, विनोद चौहान, दीपक सोलंकी, तरुण प्रजापत, बाबू सहित अनेक हॉकी प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने अतिथियों से हॉकी खेल के विकास और नई पीढ़ी को प्रशिक्षण देने को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# विजिलेंस जांच के दौरान जेवीवीएनएल टीम पर हमले के विरोध में प्रदर्शन, एसडीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** ललाना में विजिलेंस जांच के दौरान जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की टीम पर हुए हमले और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले को लेकर सोमवार को पावटा में विरोध प्रदर्शन हुआ। इस घटना को लेकर पहले प्रागपुरा थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की गई थी, जिसके बाद आज स्थानीय नागरिकों और विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने पावटा की नवनियुक्त एसडीएम डॉ. साधना शर्मा को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी नवोदय रोड स्थित पावटा विद्युत ग्रेड कार्यालय पर एकत्र हुए और हमले में शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि सरकारी कार्य के दौरान टीम पर हमला निंदनीय है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। धरने के दौरान एसडीएम डॉ. साधना शर्मा ने प्रदर्शनकारियों को शुक्रवार तक निष्पक्ष जांच और शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हुआ। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा अधिशाषी अधिकारी फतेह सिंह मीणा, प्रागपुरा थानाधिकारी कश्मीर सिंह समेत पुलिस जाप्ता मौजूद रहे। ज्ञात हो कि रविवार को जेवीवीएनएल की विजिलेंस टीम ग्राम ललाना की ढाणी में विद्युत चोरी की जांच के लिए पहुंची थी। इस दौरान टीम के सहायक अभियंता संजीव कुमार जाखड़ और उनके सहयोगियों से मारपीट की गई तथा गाड़ी की चाबी छीन ली। आरोप है कि भीड़ ने टीम को घेर लिया और जाने नहीं दिया। किसी तरह टीम सुरक्षित प्रागपुरा थाने पहुंची, जहां पुलिस ने मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 121(1) और 132 के तहत दर्ज कर जांच शुरू की। उपखंड अधिकारी से मिले आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। इस दौरान कोटपूतली जेईएन अमर सिंह, एसपीएन धनपत, एसपीएन कृष्ण कुमार, आंतेला जेईएन अजय बाज्या, पावटा जेईएन देवीलाल, चौकी-गौवर्धनपुरा जेईएन आफताब आलम, भूरीभड़ाज जेईएन सोहन लाल स्वामी, लाईनमैन जाऊद्दीन कुरेशी, कैल्सियम यादव, छाजूराम यादव, उमेश फोगाट, राजेन्द्र तोंदवाल, संजय यादव, परम जीत यादव, सवाई सिंह, धर्मपाल, बुद्धराम, सुमित, अनिल, सुरेन्द्र फौजी, पहलाद मीणा, सुभाष चंद, सुनिल यादव, धर्मेन्द्र यादव समेत बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



# पीएफसी एज्यूकेशन के विद्यार्थियों ने फिर किया कमाल एसीसीए परिणाम में बटोरीं खूब सराहनाएं

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। एसीसीए के आज घोषित हुए परिणाम में पीएफसी एज्यूकेशन के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया। कई छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

इस बार पीएफसी एज्यूकेशन के चार विद्यार्थियो विक्रम पालीवालए क्रितिक नालवायाए पवित्र भट्ट और पंकज कृपलानी ने अपनी मेहनत और लगन से एएसीसीए एफिलिएट बनने का गौरव हासिल किया है।

पीएफसी एज्यूकेशन की संपूर्ण टीम ने इन चारों होनहार छात्रों को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

संस्थान की संस्थापक मीनाक्षी भेरवानी ने बताया कि पीएफसी एज्यूकेशनके विद्यार्थियों का यह शानदार प्रदर्शन उनकी मेहनतए समर्पण और निरंतर प्रयास का परिणाम है। हमें गर्व है कि हर बार की तरह इस बार भी हमारे बच्चों ने साबित किया कि यदि सही दिशा और मार्गदर्शन मिले तो सफलता निश्चित है। पीएफसी का उद्देश्य हमेशा से छात्रों को केवल परीक्षा पास कराने तक सीमित नहीं रहाए बल्कि उन्हें एक मजबूत प्रोफेशनल के रूप में तैयार करना है। संस्थान की टीम ने बताया कि इस परीक्षा में अन्य कई छात्रों ने भी बेहतरीन अंक हासिल किए हैं। जिनमें प्रमुख रूप से देवांश साईए हसन मोहम्मदए भरत सिंहए कशक जैनए सरीम खानए अमतुल्लाह चक्कीवालाए खुशी तेवानीए अर्थराज महेश्वरीए तुषार शिवनानीए अली असगर पटवाए चक्षु रांकाए हार्दिक सिंघवीए मनन बाबेलए दीपांशु बोहराए भाव्या खत्रीए रुद्र सेनए वंशिका सोमानीए कृष्णा छापरवालए नाहर सिंह राठौड़ए विधि अग्रवालए खुशी कावराए शिवी बंसलए बुरहानुद्दीन पाइपरमेंटए प्रथम नेभनानीए प्रक्षी जाजूए ईशांत सोनीए गृष्मा सैनीए यश कुमार प्रजापतए आदित्य सिंह सिसोदियाए ऋषिका लालवानीए मोहित पारीकए हार्दिक अग्रवालए आदित्य नागदाए प्रियल सोनीए श्रितिका श्रीमालीए गर्वित डाकए मरिया हुसैन और आर्या राज शामिल है। पीएफसी एज्यूकेशन की पूरी टीम ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने मनीष मौर्य पर जताया भरोसा, बनाए राजस्थान प्रोफेशनल्स कांग्रेस के नए स्तंभ

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की प्रोफेशनल्स कांग्रेस ने राजस्थान में अहम नियुक्ति की है। संगठन के चेयरमैन प्रवीण चक्रवर्ती ने आदेश जारी कर मनीष मौर्य को आर्किटेक्ट्स वर्टिकल का स्टेट हेड नियुक्त किया है। मनीष मौर्य अब ऑल इंडिया आर्किटेक्ट्स हेड प्रज्ञा सिंह के साथ मिलकर प्रदेश स्तर पर संगठन को मज़बूती देंगे। उनकी नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। इसे प्रदेश में प्रोफेशनल्स कांग्रेस के विस्तार के लिहाज़ से बड़ा कदम माना जा रहा है। मनीष मौर्य ने इस मौके पर राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खडग़े, सचिन पायलट, अशोक गहलोत और समाजसेवी आमिर उस्मानी का धन्यवाद जताया।

## आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में 17 अक्टूबर को चौमूँ पहुचेंगे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

बढ़ता राजस्थान



**चौमूँ ( दिनेश कुमार कुमावत)।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर जिला देहात उत्तर द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर भारत कार्यकर्ता का आयोजन शुक्रवार दिनांक 17 अक्टूबर, 2025 को चौमूँ में मोरीजा रोड स्थित प्रेम पैलेस गार्डन में सायं 3 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय रेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव होंगे। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है और स्वदेशी वस्तुओं के जन जागरण के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, जिले के जनप्रतिनिधि गण, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष और पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शिरकत करेंगे।

## हत्या के प्रयास का आरोपी युवक यूपी के गांव विंडोरा से किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** डीग जिले की सदर थाना पुलिस ने करीब 9 माह पहले फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने के आरोप में आरोपी युवक को मुखबिर की सूचना पर गांव विंडोरा थाना सादाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रभारी सुनील कुमार के अनुसार ए एस पी अखलेश शर्मा के निर्देशन में गिरफ्तार आरोपी अंकित कुमार 25 बर्ष पुत्र धर्मपाल शर्मा बैरागी गांव बिढोरा थाना सादाबाद जिला हाथरस उत्तरप्रदेश का निवासी है। उन्होंने बताया है कि गांव नारायना कटता निवासी टीकम सिंह पुत्र रमन लाल जाट ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि 26 जनवरी 2025 की रात्रि में करीब पौने 12 बजे की बात हैं चार मोटरसाईकिलो पर सवार होकर बन्दक व कट्टा से लैस होकर आठ जने रंजिशवश जान से मारकर पूरे परिवार को खत्म करने के उद्देश्य से मेरे घर पर आये तथा आते ही तेजवीर पुत्र यादराम जाट निवासी नगला सिकुर्रा थाना सादाबाद, जिला हाथरस यूपी ने मेरे पिता रमन लाल पर फायर किये। जिनकी चीख और फायर की आवाज सुनकर मेरी बहन कान्ता व पत्नी पूनम आयी तो तेजवीर अनिल पुत्र यादराम जाट ने उनके उपर भी जानलेवा फायर किये। तथा उनको बेरहमी से मारा था। गिरफ्तार आरोपी उक्त वारदात में शामिल था।

## 15.28 ग्राम स्मैक सहित एक तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** गलता गेट थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15.28 ग्राम स्मैक और बिक्री राशि 11 हजार एक सौ बीस रुपए बरामद किए है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अन्य तस्करों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त उत्तर करन शर्मा ने बताया शहर में ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत नशा करने वा बेचने वालों को चिन्हित कर उनकी धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस ने विशेष टीम का गठन कर मोहम्मद सोहल निवासी गलतागेट को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15.28 ग्राम स्मैक और बिक्री के 11 हजार एक सौ बीस रुपए बरामद कर लिए। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अवैध मादक पदार्थ स्मैक के स्त्रोत के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## ऑपरेशन खुशी के तहत तीन साल का बच्चा मात्र तीन घंटे में दस्तयाब

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बस्सी थाना पुलिस ने एक तीन साल के बच्चें की गुमशुदगी दर्ज होते हुए महज तीन घंटे में बच्चे को दस्तयाब कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अथक प्रयासों से बच्चे के परिजनों के चेहरे पर अलग ही खुशी देखने को मिली। पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन ने बताया कि सोमवार को गांव दूधली में रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दी थी की उसका तीन साल का बच्चा देवेंद्र नारेडा बस्सी के मुख्य बाजार से गुम हो गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया। विशेष टीम ने बच्चे की फोटो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महज तीन घंटे में गुमशुदा बालक देवेंद्र नारेडा को दस्तयाब कर उसकी मॉ को सुपुर्द कर दिया।

## हल्दीघाटी योद्धाज, चेतक स्टालिन्स और पिछोला पैंथर्स ने जीते अपने मैच

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर प्रीमियर लीग सीजन.2 के तहत सोमवार को खेले गए मैचेस में हल्दीघाटी योद्धा ने सज्जनगढ़ स्ट्राइकर्स को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अरशद अखून के अर्धशतक की बदौलत निर्धारित ओवर्स में 153 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी हल्दीघाटी योद्धा ने 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। निशांत कच्छावा और हर्ष मिलका ने क्रमश: 50 और 68 रनो की धुंआधार पारी खेली। मैन ऑफ द मैच हर्ष मिलका रहे। आयोजन सचिव अनिरुद्ध सांखला ने बताया कि इक्विटास बैंक के सहयोग से हुए आयोजन में दूसरे मैच में चेतक स्टालिन्स के अश्विन मेनारिया की घातक गेंदबाजी की बदौलत लेक टाइटंस को 79 रनों पर समेट दिया और 9 विकेट से जीत अपने नाम की। मैन ऑफ द मैच अश्विन मेनारिया रहे। तीसरे मैच में पिछोला पैंथर्स ने गणगौर वॉरियर्स को 6 विकेट से हराया। श्रेय रावल ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 54 बनाया और 1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच श्रेय रावल रहे। मुख्य अतिथि स्टेट पैनल अंपायर दिनेश ओबरवाल ने मैन ऑफ द मैच को सम्मानित किया।

### त्योहारी सीजन में जारी है मिलावटखोरी पर सख्त कार्रवाई

# मावा मंडी मंडी में 1 हजार 380 किलो मिलावटी मावा करवाया नष्ट

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** त्योहारी सीजन में मिलावटी मिठाइयों और मावे की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा आज जयपुर में मावा मंडी शास्त्री नगर में बड़ी कार्रवाई की गई। शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत इस संयुक्त अभियान का नेतृत्व संयुक्त आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) डॉ. विजय प्रकाश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम, डॉ. रवि शेखावत ने किया। कार्रवाई आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन में की गई। कार्रवाई सुबह 7.30 बजे से प्रारंभ हुई। टीम ने मावा मंडी क्षेत्र में स्थित एक दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों और गोदामों की गहन जांच की। मौके पर खड़े दो पिकअप वाहनों और एक महिंद्रा जीप में रखे मावे के नमूनों की जांच के दौरान 12 व्यापारियों से कुल 13 नमूने एकत्र किए गए। जांच के दौरान मावे की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई। प्रारंभिक जांच में मावा मिलावटी पाए जाने पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग 1 हजार 380 किलोग्राम मावा मौके पर ही नष्ट करवाया। यह विशेष अभियान शाम 6 बजे तक लगातार जारी रहा। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न दुकानों पर मावे की गुणवत्ता, भंडारण की स्वच्छता, बिक्री बिल, लेबलिंग और अन्य मानकों की जांच की। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, वीरेंद्र कुमार सिंह एवं नरेश कुमार चेजारा सक्रिय रूप से शामिल रहे। यह कार्रवाई स्वास्थ्य सुरक्षा और उपभोक्ता संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि त्योहारी अवसरों पर मिलावट के किसी भी प्रयास को बख्शा नहीं जाएगा। सभी जिलों में इसी प्रकार की अचानक जांच कार्रवाइयां और निगरानियां निरंतर जारी रहेंगी। आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। प्रदेशभर में चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त आयुक्त डॉ. विजय प्रकाश ने बताया कि आने वाले दिनों में मिठाई निर्माण इकाइयों, डेयरी उत्पाद विक्रेताओं और नमकीन निर्माण इकाइयों पर भी विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा। विभाग ने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों को चेतावनी दी है कि वे लाइसेंस शर्तों और गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि विभाग न केवल कार्रवाई कर रहा है बल्कि जनजागरूकता गतिविधियां भी संचालित कर रहा है, ताकि उपभोक्ता मिलावट के प्रति सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को भी संदिग्ध खाद्य पदार्थों की सूचना विभाग के हेल्पलाइन नंबर या जिला कार्यालय को देनी चाहिए।

### पंडित प्रदीप गौड़ करेंगे बैंकॉक में पांच दिवसीय कथा का आयोजन

## विदेश में गूंजेगी राम कथा की अमृत धारा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** भारत की सनातन संस्कृति और रामायण की अमृतमयी कथा अब विदेश की धरती पर भी गूंजेगी। प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप गौड़ आगामी दिनों में बैंकॉक में पांच दिवसीय राम कथा का आयोजन करने जा रहे हैं। इस आयोजन में जयपुर,राजस्थान और मध्यप्रदेश से सौ से अधिक व्यापारी एवं श्रद्धालु भाग लेंगे। विशेष बात यह है कि विदेशी नागरिक भी इस कथा और यज्ञ अनुष्ठान में सम्मिलित होंगे। जिससे भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का संदेश विश्व स्तर पर प्रसारित होगा। पंडित प्रदीप गौड़ ने बताया कि राम कथा न केवल भगवान श्रीराम के गुणगान का माध्यम है। बल्कि यह भविष्य की चुनौतियों और विपरीत परिस्थितियों में संयम और धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देती है। कथा के दौरान श्री यंत्र पर विराजमान यज्ञ अनुष्ठान संपन्न होगा, जो काम, क्रोध, लोभ, मद और द्वेष जैसे दुर्गुणों से मुक्ति प्रदान करते हुए सद्बुद्धि और शांति का संदेश देगा। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक श्रीकांत सामरिया ने बताया कि इस अवसर पर थाईलैंड में भारतीय मंदिरों और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण भी किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को धर्म और पर्यटन दोनों का अनुभव मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत और थाईलैंड के बीच सांस्कृतिक सेतु का कार्य करेगी और वसुधैव कुटुंबकम की भावना को साकार करेगी। गौड़ ने कहा कि कथा में भगवान राम के साथ-साथ कृष्ण की नगरी मथुरा, उज्जैन के महाकालेश्वर, अमरनाथ यात्रा और भारत के अन्य प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जिससे वहां उपस्थित विदेशी नागरिकों को भारत की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को समझने का अवसर मिलेगा। अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर की महिमा और उसकी दिव्यता का भी वर्णन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार यह कथा न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक सेतु के रूप में भारत और विदेश के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करेगी।

### वृद्ध जन सम्मान समारोह 15 अक्टूबर को आयोजित होगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति, कटेवा नगर, जयपुर द्वारा वर्ष 2009 से निरंतर विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में समिति हर वर्ष 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित करती है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी बुधवार, दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को सायं 4.00 बजे से परमार्थ भवन, कटेवा नगर, जयपुर में वृद्ध जन सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में कुल 28 वृद्ध जनों का सम्मान किया जाएगा।

## जैतारण पुलिस क्षेत्र में कई चोरियों का खुलासा कर चुके कांस्टेबल दिलीप सिंह मीणा फिर चर्चा में

### पाली जिले में दे रहे सेवाएं, जनता कर रही मांग - जैतारण में मिले फिर जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान



**निमाज(ईश्वर सिंह सूर्यवंशी)।** पाली जिले में तैनात कांस्टेबल दिलीप सिंह मीणा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उन्होंने जैतारण थाना क्षेत्र में रहते हुए कई बड़ी चोरी की वारदातों का खुलासा कर अपनी कार्यकुशलता और निष्ठा का परिचय दिया था। उनकी मेहनत और त्वरित कार्रवाई से कई मामलों में चोरी का माल बरामद हुआ और अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया था। वर्तमान में दिलीप सिंह मीणा पाली जिले में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि उन्हें फिर से जैतारण थाना क्षेत्र में नियुक्त किया जाए, तो कई आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसी जा सकती है और चोरी जैसी वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। स्थानीय लोगों ने भी उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दिलीप सिंह मीणा जैसे कर्मठ, सजग और ईमानदार पुलिसकर्मी जहां भी तैनात होते हैं, वहां अपराधियों में भय और जनता में विश्वास का माहौल बनता है। पुलिस विभाग के भीतर भी उन्हें एक सक्षम और परिणाम देने वाले जवान के रूप में जाना जाता है।

## मीणा समाज भवन का लोकार्पण,भामाशाह सम्मान व मूर्ति अनावरण 26 अक्टूबर को



बढ़ता राजस्थान

**चौमूँ ( दिनेश कुमार कुमावत)।** राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ (मीणा समाज तहसील - चौमूँ) के मोरीजा पुलिया के पास बाईपास पर नव निर्मित सभा भवन का रविवार,26 अक्टूबर 2025 को भव्य लोकार्पण होगा। समारोह में भवन निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा तथा भवन भूमि दाता भामाशाह की मूर्ति का अनावरण भी किया जाएगा। समारोह के सफल आयोजन के लिए सभा भवन में अध्यक्ष रामचंद्र मीणा के नेतृत्व में पोस्टर का विमोचन किया गया । शेष मीना ने बताया की इस दौरान अध्यक्ष रामचन्द्र मीना, रामेश्वर जेफ, जगदीश झरवाल, भोलूराम मीणा, प्रभु खोड़ा, मुकेश बागड़ी, महेंद्र मीना,सुरेश मीना,मुकेश हाटवाल, सी आर मीना,मालीराम मीना, तोफान मीना, जगदीश मीना ,मनोज मीना,रामनिवास मीना,दुर्गालाल मीना,रघुनाथ मीना, प्रकाश हाटवाल,रामचन्द्र मीना,जयपाल मीना,महेश मीना, दामोदर मीना, सांवर मल मीना,जगदीश बावड़ी, सतपाल मीना,सुभाष मीना,मोहन मीना,रमेश मीना अन्य समाज बंधु उपस्थित रहे।

## महिला को कार में बैठाकर सोने के जेवरात लूटने वाला हाडकोर अपराधी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला को कार में बैठाकर सोने के जेवरात लूटने वाले हाडकोर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित हाडकोर बदमाश ने रूपयों के लिए अपने साथी और महिला दोस्त के साथ मिलकर साजिश रची थी। गिरफ्तार आरोपित कई थानों में वांछित चल रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन जुलाई को नाई थड़ी से महिला को कार में बैठा कर सोने के जेवरात लूटने वाले हार्डकोर अपराधी मोइनुद्दीन उर्फ नेमा निवासी झोटवाड़ा जयपुर हाल करणी विहार जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

## बिना पुनर्वास बेदखली के विरोध में जिला कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से घुमंतू तथा गरीब नागरिकों को बिना पुनर्वास किये बेदखल करने का मामला सामने आया है। जिसके चलते भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में सोमवार को जयपुर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और अतिरिक्त जिला कलेक्टर को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। वहीं अतिरिक्त जिला कलेक्टर आशीष कुमार शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इस प्रकरण में शीघ्र उचित कार्रवाई की जाएगी।

भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार में सांगानेर तहसील में खेड़ी ग्राम पंचायत गोकुलपुरा में बालाजी मंदिर मोड़ से आगे लगभग 60 परिवार विगत 50 वर्षों से स्थाई रूप से आवास कर रहे हैं। इन लोगों के पास यहां लंबे समय से आवास करने के तमाम दस्तावेज मौजूद हैं। इसके बावजूद जयपुर विकास प्राधिकरण इन्हें पुनर्वास के बगैर बेदखल कर सडक़ों पर फेंकने पर उतारू हैं और जयपुर विकास प्राधिकरण ने नोटिस दिए हैं। उस नोटिस पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा इन्हें पुनर्वास करने की मांग का ज्ञापन लेकर सोमवार को जयपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर जितेंद्र सोनी के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर आशीष कुमार शर्मा को सौंपा गया। अनीष कुमार नाडार ने जयपुर विकास प्राधिकरण पर अपने क्षेत्राधिकार में बिना पुनर्वास किये लोगों को बेदखल करने का आरोप लगाते हुए मांग की हैं कि जितनी भी योजनाएं जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अमल में लाई जा रही हैं। उनमें इन परिवारों को पुनर्वास किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सबको आवास दिलाने की मुहिम को आगे बढ़ते हुए दलित उत्थान महाअभियान शुरू किया गया हैं। जिसके जरिए जयपुर जिले के तमाम गरीब परिवारों के उन गांवों को और ढाणियों को स्थाई आवास के लिए पट्टा दिलाने की मुहिम से जोड़ा जा रहा हैं। जहां आजादी के बाद से आज तक स्थाई आवास के लिए पट्टे ही उपलब्ध नहीं कराए गए। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के इस अभियान से अब तक लगभग 25 गांव जुड़ चुके हैं। ज्ञातव रहे कि भारत छोड़ो मिशन सोसाइटी की कार्य प्रणाली हमेशा सफल रही है और इस बार भी वह जयपुर जिले को आवास विहीन नागरिक मुक्त करने एवं कच्ची बस्ती मुक्त करने की मुहिम के लिए मॉडल जिला चुनकर कार्य कर रहे हैं। इस मुहिम में तेजी से लोग जुड़ रहे हैं और प्रशासन के लोग भी भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के ईमानदार कार्यकर्ताओं की वजह से सजग एवं सक्रिय हो गई हैं।


## कार्यालय निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

क्रमांक : व-15(35)आरपीए/जन/पुलिस शहीद दिवस/2025/5557 दिनांक : 9-10-2025

### सीमित निविदा

अकादमी परिसर में आयोजित पुलिस शहीद दिवस समारोह पर संस्था में सजावट के लिए फुलवारी एवं रंग-पेन्ट संबंधित सामग्री क्रय के लिए सीमित निविदा आंमत्रित की जाती है, जिसके लिए प्रतिष्ठित फर्मों / व्यक्तियों से मोहरबन्द सीमित निविदा दिनांक 14.10.2025 को प्रातः 10.15 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | आईटम | अनुमानित राशि (लाख) | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | संस्था में पुलिस शहीद दिवस समारोह के लिए फुलवारी एवं रंग-पेन्ट संबंधित सामग्री क्रय करने हेतु (परिशिष्ट - ए के अनुसार) | 1.14 लाख | 14-10-2025 11.15 ए.एम. |

**निविदा शर्ते :-**

1. सीमित निविदा में संलग्न सूची के अनुसार निर्धारित आईटम एवं निविदा संबधी अन्य जानकारी आर.पी.ए. जयपुर (सामान्य शाखा) से प्राप्त किया जा सकता है।
2. निविदायें मोहर बंद लिफाफे में जिस पर स्पष्ट रूप से कार्य का नाम लिखा हो दिनांक 14.10.2025 दोपहर 11.15 बजे तक आरपीए, जयपुर (सहायक निदेशक प्रशासन /बिड बॉक्स) में जमा करायी जा सकती हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 14.10.2025 को 11.15 ए.एम पर क्रय समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।
3. निविदा के साथ GST पंजीयन प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
4. निविदा शर्ते जी.एफ.एण्ड ए.आर. रूल्स एण्ड आर.टी.पी.पी. अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अनुसार मान्य होगी।
5. क्रय समिति को किसी भी निविदा को स्वीकार व अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।
6. निविदादाता की कोई शर्ते अतिरिक्त शर्ते मान्य नहीं होगी।
7. जी.एस.टी. देय है अथवा नहीं का दरों में स्पष्ट उल्लेख करें।
8. दर अनुमोदित फर्म को कार्य आदेश के अनुसार निर्धारित समय पर सामग्री संस्था में उपलब्ध करवाना होगा।

NIB Code : RPA2526A0029
UBN : RPA2526GSOB00031

सहायक निदेशक (प्रशासन)
राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

DIPR/C/15227/2025

## सम्पादकीय

# गाजा शांति समझौता, पहले चरण पर अमल; दूसरे पर नजर

अंततः गाजा में शांति प्रस्ताव के पहले चरण पर अमल प्रारंभ हो गया। हमास की ओर से इजरायली बंधक छोडने के साथ इजरायल ने फलस्तीनी कैदी रिहा करने शुरू कर दिए। अब निगाह इस पर होगी कि शांति समझौते के अगले चरण कब पूरे होते हैं और वे सही तरह पूरे होते भी हैं या नहीं?

इस पर संशय इसलिए है, क्योंकि यह स्पष्ट नहीं कि इजरायली सेना गाजा में कितना पीछे हटेगी और वहां के प्रशासन को संचालित करने का कैसा तंत्र तैयार होगा और क्या उस पर हमास सहमत होगा? इसके अतिरिक्त जहां हमास को हथियार छोडने हैं, वहीं इजरायल को स्वतंत्र फलस्तीन देश की राह आसान करनी है।

हमास का कहना है कि हथियार तब छोड़े जाएंगे, जब स्वतंत्र फलस्तीन का रास्ता साफ होगा। इस पर इजरायल तैयार नहीं दिख रहा है। यह ठीक है कि स्वयं की ओर से प्रस्तावित गाजा शांति समझौते पर अमल शुरू होने के अवसर पर मिस्र जाने के पहले इजरायल पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी पहल को पश्चिम एशिया में शांति की स्थापना का पथ करार दिया और इजरायली प्रधानमंत्री से ईरान से समझौता करने को कहा।

ऐसे किसी समझौते की सूरत तब बनेगी, जब ईरान इजरायल को मिटाने की अपनी जिद छोड़ेगा। इजरायल उस पर भरोसा नहीं कर सकता, क्योंकि वह उसके लिए खतरा बने हमास, हिजबुल्ला आदि की पीठ पर हाथ रखे हुए है और यमन में काबिज हाउती विद्रोहियों को भी अपना समर्थन दे रहा है। इसी कारण ईरान और इजरायल में युद्ध हुआ था, जिसमें अमेरिका ने भी दखल दिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली संसद को संबोधित करते हुए गाजा शांति समझौते को पश्चिम एशिया की ऐतिहासिक सुबह की संज्ञा दी। वे कुछ भी दावा करें, फिलहाल यह कहना कठिन है कि प्रमुख मुस्लिम देश इजरायल को मान्यता देने के लिए तैयार होंगे। भले ही ट्रंप यह कह रहे हों कि गाजा शांति समझौते को सभी मुस्लिम देशों का समर्थन मिला, लेकिन वस्तुस्थिति इससे अलग है।

जब यह समझौता सामने आया था, तब उसे समर्थन देने और ट्रंप की प्रशंसा करने वालों में पाकिस्तान भी था, पर अब वह इस समझौते को समर्थन देने से केवल पीछे ही नहीं हट गया, बल्कि उसने अपने यहां ऐसा माहौल बनाया कि उसके विरोध में कट्टरपंथी तत्व सडक़ पर उतर आए।

यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पाकिस्तान ने गाजा शांति समझौते को नकारने के लिए ही कट्टरपंथी तत्वों



को सडक़ों पर उतरने के लिए उकसाया और फिर उन पर गोलियां भी चलवाईं, ताकि दुनिया और विशेष रूप से अमेरिका को यह संदेश जाए कि उसके लिए गाजा शांति समझौते को स्वीकार करना संभव नहीं। एक तरह से पाकिस्तान ने उस अब्राहम समझौते को आगे बढने से रोक दिया, जिसके जरिये ट्रंप यह चाहते हैं कि सभी मुस्लिम देश इजरायल को मान्यता दें।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 14 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1882 - शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। यह ब्रिटिश उपनिवेशवादी सरकार द्वारा कलकत्ता, मुंबई और मद्रास के बाद स्थापित किया गया भारत का चौथा विश्वविद्यालय था।
- 1933 - जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से बाहर आने की घोषणा की।
- 1943 - जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1946 - हालैंड और इंडोनेशिया के बीच संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- 1948 - इजरायल और मिस्र के बीच जबरदस्त लड़ाई शुरु।
- 1953 - भारत में संपदा शुल्क अधिनियम प्रभाव में आया।
- 1956 - डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने अपने 3,85,000 अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म स्वीकार किया और अपने समर्थकों को 22 बौद्ध प्रतिज्ञाओं का अनुसरण करने की सलाह दी।
- 1981 - होस्नी मुबारक मिस्र के चौथे राष्ट्रपति बने।
- 1979 - जर्मनी के बॉन में परमाणु ऊर्जा के खिलाफ एक लाख लोगों ने प्रदर्शन किया।
- 1997 - ब्रिटेन की महारानी ऐलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फ़िलिप ने अमृतसर के जलियांवाला बाग़ में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
- 1999 - परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सी.टी.बी.टी.) अमेरिकी सीनेट में नामंज़ूर।
- 2000 - संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा पाक समेत 22 देशों में अपने दूतावास बंद।
- 2002 - कतर में मिलने के वायदे के साथ 14वें एशियाई खेलों का बुसान में रंगारंग समापन।
- 2004 - पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ को सेना प्रमुख बनाये रखने वाला विधेयक पारित किया।
- 2007 - अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने चिकित्सा और कृषि क्षेत्रों में परमाणु प्रौद्योगिकी के प्रयोग के लिए नेपाल को मंज़ूरी प्रदान की।
- 2008 - भारतीय रिजर्व बैंक ने म्युचुअल फंड्स की ज़रूरतें पूरी करने के लिए अतिरिक्त 200 अरब रुपये जारी करने की घोषणा की।

## विशेष आलेख

# भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता





रामस्वरूप रावतसरे

भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता आधिकारिक तौर पर 1 अक्टूबर, 2025 से लागू हो गया है। इससे आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड के साथ आर्थिक सहयोग के एक नए युग की शुरुआत हुई है। 10 मार्च, 2024 को नई दिल्ली में इस समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। जानकारी के अनुसार इस समझौते से अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर यानी 8 लाख 88 हजार 4 सौ करोड़ रुपए का निवेश होगा। साथ ही 10 लाख से ज्यादा सीधा रोजगार मिलेगा। इसके अलावा इससे जुड़े अप्रत्यक्ष रोजगार अलग होंगे। यह इन चार विकसित यूरोपीय देशों के साथ भारत का पहला मुक्त व्यापार समझौता है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच व्यापारिक समझौतों की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

चार यूरोपीय देशों, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड का ये संगठन व्यापार के दृष्टिकोण से काफी अहम है। इसकी स्थापना 1960 में सदस्यों के बीच मुक्त व्यापार और आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। यूरोप में यूके और यूरोपीय संघ के बाद ईएफटीए अहम संगठन माना जाता है।

यह संगठन यूपोपीय संघ का हिस्सा नहीं हैं। चारों विकसित देश अपनी मजबूत अर्थव्यवस्थाओं, उच्च जीवन स्तर और इनोवेशन के लिए मशहूर हैं। इस समूह में मौजूद स्विट्जरलैंड पहले से ही भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है। उसके बाद नॉर्वे का स्थान आता है। इस समझौते से भारतीय वस्तुओं और सेवाओं को नया बाजार मिलेगा। साथ ही अत्याधुनिक तकनीक और निवेश से भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। टीईपीए एक व्यापक और दूरदर्शी समझौता है। इसमें 14 अध्याय हैं, जो व्यापार के महत्वपूर्ण पहलुओं से जुड़े हैं। वस्तुओं के लिए बाज़ार तक पहुँच बनाना, व्यापार करना आसान बनाना, बेवजह की रुकावटों को दूर करना, पर्यावरण मानकों को मानना, व्यापार में तकनीकी बाधाएँ दूर करना, निवेश प्रोत्साहन, सेवाएँ, बौद्धिक संपदा अधिकार शामिल हैं।

किसी भी भारतीय मुक्त व्यापार समझौते में पहली बार ऐसा हुआ है कि समझौते में निवेश और रोजगार सृजन को बाध्यकारी बनाया गया है। ये 'आत्मनिर्भरता भारत' की दिशा में अहम कदम है। इस समझौते का लक्ष्य अगले पंद्रह वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर यानी 8 लाख 88 हजार 4 सौ करोड़ रुपए का निवेश और दस लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करना है, जो इसे देश के आर्थिक इतिहास की सबसे दूरदर्शी व्यापारिक साझेदारियों में से एक बनाता है।

टीईपीए के मूल में एक मजबूत निवेश प्रक्रिया है। इसमें ईएफटीए देशों को शुरुआती 10 वर्षों के दौरान भारत में 50 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने और उसके बाद के पाँच वर्षों में 50 अरब डॉलर का अतिरिक्त निवेश करने की प्रतिबद्धता होगी। ये रकम अल्पकालिक पोर्टफोलियो निवेशों के बजाय विनिर्माण, इनोवेशन और अनुसंधान में दीर्घकालिक परियोजनाओं में लगाई जाएँगी।

इनसे भारत के प्रतिभाशाली लोगों को यूरोप के उन्नत तकनीकी नेटवर्क से जोडक़र दस लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान बताया जा रहा है। इसे आसान बनाने के लिए, फरवरी 2025 में निवेशकों के लिए एक भारत-ईएफटीए डेस्क की स्थापना की गई है। जो नवीकरणीय ऊर्जा, विज्ञान, इंजीनियरिंग और डिजिटल बदलाव जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए, छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिए संयुक्त उद्यमों और सहयोग को बढ़ावा देगा।

यह समझौता रणनीतिक रूप से टैरिफ को कम या पूरी तरह समाप्त करके संतुलित बाजार तक पहुँच को सुनिश्चित करेगा। ईएफटीए ने अपनी 92.2 प्रतिशत उत्पादों पर टैरिफ में छूट दी है, जिसमें भारत के 99.6 प्रतिशत निर्यात शामिल हैं, जिसमें सभी गैर-कृषि वस्तुएँ और प्रोसेस्ड कृषि उत्पाद शामिल हैं। बदले में, भारत ने अपनी 82.7 प्रतिशत टैरिफ पर रियायतें दी हैं, जिसमें ईएफटीए के 95.3 प्रतिशत निर्यात शामिल हैं।

जानकारों के अनुसार भारत ईएफटीए से 80 प्रतिशत से अधिक सोना आयात करता है, जहाँ प्रभावी शुल्क अपरिवर्तित रहते हैं। डेयरी, सोया, कोयला, फार्मास्यूटिकल्स, चिकित्सा उपकरण और कुछ खाद्य उत्पादों जैसे संवेदनशील घरेलू क्षेत्रों को या तो बाहर रखा गया है या पाँच से दस वर्षों में सिलसिलेवार तरीके से इन पर टैरिफ कटौती की जाएगी। इससे मेक इन इंडिया और उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना जैसे कार्यक्रमों के तहत भारतीय उद्योगों को बदलाव के साथ- साथ प्रतिस्पर्धा के लिए पर्याप्त समय मिल रहा है।

इसकी एक प्रमुख विशेषता नर्सिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी और वास्तुकला जैसे क्षेत्रों में पारस्परिक समझौतों का प्रावधान है। इससे कुशल पेशेवरों के लिए आने-जाने की सुविधा होगी। इसके अलावा, यह समझौता डिजिटल क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका अदा करेगा। क्योंकि भारतीय टैलेंट को अस्थायी प्रवास के माध्यम से बाजार में प्रवेश करने का मौका मिलेगा। इससे सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

# संकल्प,मनोबल और श्रम,सफलता का संगम

*जीवन के दो पहलू खुशियाँ और अवसाद ऐसे हैं जैसे दिन और रात। यह हमारे विवेक पर निर्भर करता है कि हम इन परिस्थितियों को किस प्रकार आत्मसात कर संतुलित जीवन का निर्माण करते हैं।*



संजीव ठाकुर

कठिन परिस्थितियाँ कभी पूर्व सूचना देकर नहीं आतीं वे अचानक जीवन के द्वार पर दस्तक देती हैं। इसलिए मनुष्य को सदैव सजग, सावधान और आत्मनियंत्रित रहना चाहिए। जीवन के दो पहलू खुशियाँ और अवसाद ऐसे हैं जैसे दिन और रात। यह हमारे विवेक पर निर्भर करता है कि हम इन परिस्थितियों को किस प्रकार आत्मसात कर संतुलित जीवन का निर्माण करते हैं। जीवन स्वयं में एक गणित है — कभी दो और दो चार होते हैं तो कभी दो और दो पाँच भी। यही पाँच जीवन की विषम परिस्थितियों का प्रतीक है, जो हमें संघर्ष और सहनशीलता का पाठ सिखाती हैं।मनुष्य, समस्त सृष्टि में चेतनता की सर्वोच्च अवस्था है। पत्थरों में चेतना शून्य, वृक्षों में अंकुरित, पशु-पक्षियों में गतिमान और मनुष्य में सर्वाधिक विकसित रूप में विद्यमान है। यही चेतना उसे विचार, मनन और समाधान की दिशा में अग्रसर करती है। मनुष्य का जीवन विविध मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक संघर्षों का संगम है। किंतु इतिहास साक्षी है — जब भी मनुष्य ने अपनी मनोबल, शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प का उपयोग किया, तब उसने असंभव प्रतीत होने वाले कार्यों को भी संभव कर दिखाया। जिस मनुष्य में उत्साह, ऊर्जा और आत्मविश्वास का समुच्चय होता है, वही व्यक्ति हर परिस्थिति का सामना सौम्यता और विवेक के साथ करता है। मानव की संकल्पशक्ति इतनी ऊर्जावान होती है कि वह विपरीत परिस्थितियों को भी अपने अनुकूल दिशा में मोड़ लेता है और अपनी शक्ति का सकारात्मक उपयोग समाज और राष्ट्र के हित में कर पाता है।

मनुष्य को सदैव कर्मरत और कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त मस्तिष्क सृजन करता है, जबकि खाली मस्तिष्क अवसाद का घर बन जाता है। एकाग्र चित्त, ऊर्जावान मन और दृढ़ संकल्प ही किसी भी कठिन लक्ष्य की प्राप्ति के सशक्त आधार हैं। मानव इतिहास ऐसे अनगिनत उदाहरणों से भरा है जहाँ अदम्य संकल्प और मनोबल ने असंभव को संभव किया। हमारे स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानी महात्मा गांधी, सरदार पटेल, नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, सरोजिनी नायडू इन्होंने विपन्न परिस्थितियों में भी अपनी मानसिक दृढ़ता और संगठन शक्ति से असंभव प्रतीत होने वाली स्वतंत्रता का स्वप्न साकार किया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि संकल्प और आत्मबल ही किसी भी राष्ट्र या व्यक्ति के पुनर्जागरण की मूल प्रेरणा हैं। जीवन में सफलता पाने के लिए सादगी, ईमानदारी, निरंतरता और श्रमशीलता आवश्यक हैं। कोई भी महान व्यक्ति आकाश से अवतरित नहीं होता वह भी इसी मिट्टी से जन्मा सामान्य मानव होता है, जिसने अपने संघर्ष, संयम और साहस से असाधारण उपलब्धियाँ अर्जित कीं।मनुष्य का हृदय एक अनंत ऊर्जा स्रोत है। जब मस्तिष्क चिंतन करता है, दिशा तय करता है और कर्म में रूपांतरित होता है, तब लक्ष्य साकार होता है। किंतु यदि मन निराश या भयभीत हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव हो जाता है। इसलिए आवश्यक है कि हम अपने मन को सदैव प्रसन्न, प्रफुल्ल और सकारात्मक रखें। यही मानसिक स्थिति हमें विषम परिस्थितियों में भी स्थिर रखती है और नए युग की दिशा में प्रेरित करती है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



लाला हरदयाल

लाला हरदयाल का जन्म- 14 अक्टूबर, 1884, दिल्ली; मृत्यु- 4 मार्च, 1939 ई., फिलाडेलफिया) प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। लाला हरदयाल जी ने ग़दर पार्टी की स्थापना की थी। विदेशों में भटकते हुए अनेक कष्ट सहकर लाला हरदयाल जी ने देशभक्तों को भारत की आज़ादी के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया।

लाला हरदयाल जी ने दिल्ली और लाहौर में उच्च शिक्षा प्राप्त की। देशभक्ति की भावना उनके अन्दर छात्र जीवन से ही भरी थी। मास्टर अमीर चन्द, भाई बाल मुकुन्द आदि के साथ उन्होंने दिल्ली में भी युवकों के एक दल का गठन किया था। लाहौर में उनके दल में लाला लाजपत राय जैसे युवक सम्मिलित थे। एम. ए. की परीक्षा में सम्मानपूर्ण स्थान पाने के कारण उन्हें पंजाब सरकार की छात्रवृत्ति मिली और वे अध्ययन के लिए लंदन चले गए।

**पोलिटिकल मिशनरी :** लंदन में लाला हरदयाल जी भाई परमानन्द, श्याम कृष्ण वर्मा आदि के सम्पर्क में आए। उन्हें अंग्रेज़ सरकार की छात्रवृत्ति पर शिक्षा प्राप्त करना स्वीकार नहीं था। उन्होंने श्याम कृष्ण वर्मा के सहयोग से 'पॉलिटिकल मिशनरी' नाम की एक संस्था बनाई। इसके द्वारा भारतीय विद्यार्थियों को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने का प्रयत्न करते रहे। दो वर्ष उन्होंने लंदन के सेंट जोंस कॉलेज में बिताए और फिर भारत वापस आ गए।

**सम्पादक :** हरदयाल जी अपनी ससुराल पटियाला, दिल्ली होते हुए लाहौर पहुँचे और 'पंजाब' नामक अंग्रेज़ी पत्र के सम्पादक बन गए। उनका प्रभाव बढ़ता देखकर सरकारी हल्कों में जब उनकी गिरफ़्तारी की चर्चा होने लगी तो लाला लाजपत राय ने आग्रह करके उन्हें विदेश भेज दिया। वे पेरिस पहुँचे। श्याम कृष्णा वर्मा और भीकाजी कामा वहाँ पहले से ही थे।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# हाई कोलेस्ट्रॉल को तेजी से कम करेंगे ये 4 योगासन, दिल की बीमारियों से होगा बचाव

शरीर में कोलेस्ट्रॉल का बढ़ा हुआ स्तर चिंता का एक विषय है क्योंकि इसके कारण हार्ट और स्ट्रोक जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल, हमारे शरीर में दो तरह के कोलेस्ट्रॉल होते हैं, पहला गुड कोलेस्ट्रॉल और दूसरा बैड कोलेस्ट्रॉल। बैड कोलेस्ट्रॉल शरीर के लिए हानिकारक होता है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढने पर यह नसों में जमने लगता है और धमनियों को ब्लॉक कर देता है। इसके कारण स्ट्रोक, हार्ट अटैक और अन्य गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में, शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करना बहुत जरूरी हो जाता है। इसके लिए आपको अपने खानपान और जीवनशैली में सुधार करना चाहिए। इसके अलावा, योग भी शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में बहुत मददगार साबित हो सकता है।

**-भुजंगासन** -इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। अपनी कोहनियों को कमर से सटा के रखें और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। अब धीरे-धीरे सांस भरते हुए, अपनी छाती को ऊपर की ओर उठाएं। उसके बाद अपने पेट को धीरे-धीरे ऊपर उठा लें। इस स्थिति में 30 सेकंड तक रहें। अब सांस छोड़ते हुए, सिर को धीरे-धीरे जमीन की ओर नीचे लाएं। इस प्रक्रिया को आप 3 से 5 बार दोहराएं।

**-अर्ध मत्स्येन्द्रासन-** इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर बैठें और अपने बाएं पैर को दाहिने पैर के नीचे रखें। दाहिने पैर को बाएं घुटने के पार रखें। बाएं हाथ को दाहिने घुटने पर रखें और दाहिने हाथ को पीछे की ओर रखें। अब शरीर को दाहिनी ओर मोड़ें और इस स्थिति में कुछ सेकंड तक रहें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें।

### वृष
आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। आपके मौज-मस्ती की आदत आपको समस्या देगी। आपका कोई पुराना लेनदेन आपको समस्या दे सकता है।

### मिथुन
आज आप अपने कामों को लेकर धैर्य और संयम बनाए रखने की कोशिश करें। आप किसी कानूनी मामले को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे, जिसके लिए आपको कुछ अनुभवी व्यक्तियों से भी बातचीत करने की आवश्यकता है।

### कर्क
आपको अपने खर्चों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने प्यार से मुलाकात होगी। आपको अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें। बॉस आपके प्रमोशन की बात आगे कर सकते हैं।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए सेहत में उतार-चढ़ाव लेकर आएगा। आपकी अपने पिताजी से किसी बात को लेकर बहसबाजी हो सकती है। आप अपने घर के कामों में कोई बदलाव न करें।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए आय पर विशेष ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है।

### तुला
आज का दिन आपके लिए किसी नए घर आदि की खरीददारी के लिए रहेगा। आप यदि किसी मित्र से धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा और आपको अपने परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में जुटेंगे। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी और आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचाना है।

### धनु
आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कोई काम करने के लिए रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में कोई बहलाने फुसलाने की कोशिश कर सकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

### मकर
आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आपके चारों ओर का माहौल खुशनुमा रहेगा और आप छोटे बच्चों को लेकर कहीं घूमने फिरने भी जा सकते हैं। आपका प्रमोशन आदि मिलने से आप काफी खुश होंगे।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको किसी नए काम को करना बेहतर रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

### मीन
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपका रुका हुआ धन मिलने से आपके काम भी आसानी से पूरे होगे। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा। आपके आसपास का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

## कलेक्टर का निरीक्षण, शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सोमवार को शाम ठीक 5.35 बजे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय (माध्यमिक) एवं महात्मा गांधी राजकीय सार्वजनिक पुस्तकालय टोंक का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर के औचक निरीक्षण में अधिकारी-कार्मिकों की पूरी पोल खुलकर सामने आ गई। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक में 4 कार्मिक अनुपस्थित मिले तो वहीं जिला पुस्तकालय में वरिष्ठ सहायक खुशीराम टिक्कीवाल भी अनुपस्थित मिले। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रमेश जैन, संस्थापक अधिकारी देवेंद्र एवं महावीर एवं प्रशासनिक अधिकारी विष्णु भगवान शर्मा भी अनुपस्थित मिले । अब जिला कलेक्टर ने अनुपस्थित कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## गौ ऋषि तपस्वी श्री प्रकाश दास महाराज ने बहाई भजन रसधारा, भंडारे में उमड़े भक्तजन



बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** कस्बे में श्री दादू दयाल आश्रम में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार को कथा व्यास महामंडलेश्वर श्री राम भजन दास जी महाराज श्री कृष्ण कृपा कुटीर तीर्थराज पुष्कर ने अंतिम दिन की कथा सम्पन्न की। कथा श्रवण कराते हुए गौ ऋषि तपस्वी श्री प्रकाश दास जी महाराज श्री दादू दयाल गौशाला निवाई ने विशाल भजन रसधारा से श्रद्धालुओं को कहा कि भगवत प्राप्ति के लिए हरि की भक्ति से बढ़ कर कोई शुभ मार्ग नहीं है। संतों व महापुरूषों के प्रति आशक्ति मोक्ष का मार्ग बन जाता है। इस दौरान श्री प्रकाश दास जी महाराज ने भजनों की रस धारा बहाई। जिसमें उपस्थित सभी भक्तों ने मंत्र मुग्ध होकर रसपान किया। कार्यक्रम में संतों का व कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। शाम को भागवत कथा की पूर्णाहुति पर भण्डारे का आयोजन हुआ। जिसमें बडी संख्या में भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

## नव-नियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)** । अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला टोंक के नव-नियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष रोहित जैन बिट्टू की नियुक्ति पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन परिवार जिला टोंक के पदाधिकारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया, जिसमें प्रदेश मंत्री अशोक गांधी, जिलाध्यक्ष रामजीलाल विजयवर्गीय, जिला महामंत्री महेंद्र दुसाद खंडेलवाल लाला, संगठन मंत्री श्याम सुंदर विजयवर्गीय, उपाध्यक्ष सुरेश जाजू एवं निखिल अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## चार साईबर ठगों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** मेहन्दवास पुलिस ने साईबर ठगो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मेहन्दवास थानाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के आदेशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह भाटी, वृत्ताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी के निर्देशन में मेहन्दवास थाना क्षेत्र में स्थित बैंकों से प्राप्त संदिग्ध बैंक खातों के रिकॉर्ड व संदिग्ध बैंक खातों के विरूद्ध समन्वय पोर्टल पर प्राप्त शिकायत व राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड पोर्टल की शिकायतों का विवरण प्राप्त कर, तकनीकी संसाधनों से गहनता से विश्लेषण कर आरोपी मनीष मीणा पुत्र रमेशचन्द मीणा (19) निवासी ठीकरीया मीणान थाना कोटखावदा जयपुर, नरेन्द्र मीणा पुत्र राम कुंवार मीणा (19) निवासी ठीकरीया मीणान थाना कोटखावदा जिला जयपुर, जितेश मीणा पप्पुलाल मीणा (22) निवासी सम्पतपुरा थाना कोटखावदा जयपुर, दिलखुश पुत्र मनफूल मीणा (20) निवासी श्रीपुरा थाना कोटखावदा जयपुर को आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर आरोपियान के कब्जे से एक स्कॉर्पियों व फॉड राशि 81 हजार 499 रूपये जप्त की गयी। उन्होने बताया कि आरोपी बैंक खाताधारकों से मोबाईल कॉल, इंस्टाग्राम, फेसबुक पर चेटिंग कर अन्य एप डाउनलोड करवाकर व लिंक भेजकर राशि दोगुनी करने व फेंसी ड्रेस खरीदने का प्रलोभन देकर पीड़ितों से अपने खाते में राशि डलवा लेते है।

## सहकार सदस्यता अभियान कैम्प का जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सोमवार को मेहंदवास ग्राम सेवा सहकारी समिति में ''सहकार सदस्यता अभियान कैम्प का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से बात कर इस अभियान से मिलने वाले लाभ की जानकारी ली। साथ ही किसानों को सहकारी समितियों में सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया। किसानों ने मेंहदवास में नवीन गोदाम निर्माण कराने की मांग रखी। जिला कलेक्टर ने इस पर सकारात्मक कार्यवाही का भरोसा दिया। सहकारी समितियों के उपरजिस्ट्रार रविन्द्र सिंह यादव ने बताया की राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार ''सहकार सदस्यता अभियान का आयोजन 2 से 15 अक्टूबर तक जिले भर में किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम सेवा सहकारी समिति के माध्यम से किसानों, युवाओं एंव महिलाओं को सहकारिता से जोड़ा जा रहा है। साथ ही नई समितियों के गठन और सहकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने गंगापुरसिटी में बड़ी कार्यवाही को दिया अंजाम

# खाद्य संस्थानो में जगह-जगह लग रहे थे जाले, हाइजीन कंडीशन में थी भयंकर लापरवाही, थमाया नोटिस

### 120 लीटर सड़ी चाशनी व 30 किलो सोहन पपड़ी करवाई नष्ट

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा सोमवार को गंगापुरसिटी में बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉक्टर टी शुभमंगला के निर्देश पर दीपावली के मध्यनजर प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार विशेष अभियान के तहत सीएमएचओ सवाई माधोपुर डॉ. अनिल कुमार जैमिनी के नेतृत्व में फूड सेफ्टी ऑफिसर वेद प्रकाश पूर्विया व नितेश गौतम की टीम ने आज गंगापुर सिटी स्थित कई खाद्य प्रतिष्ठानों पर बड़ी कारवाही की।

टीम प्राइवेट बस स्टैंड स्थित मनोज हलवाई की निर्माता फर्म पर पहुंची जहां निरीक्षण के दौरान भयंकर लापरवाही देखने को मिली। संस्थान में जगह जगह जाले लगे हुए थे व फर्श व दीवारों पर काफ़ी गंदगी व काली पपड़ी जमी हुई थी तथा खुले में ही कड़ाई व भगोने जिनमे खीरमोहन निकाले जा रहे थे उसकी चासनी में



धूल मिट्टी जमी हुई थी। पूरी हाइजीनिक कंडीशन बहुत बुरी स्थिति में थी। इसके अलावा ना तो पानी की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की और ना ही कर्मचारियों का मेडिकल सर्टिफिकेट ।खाद्य अनुज्ञा पत्र भी रजिस्ट्रेशन श्रेणी का था और डिस्प्ले नहीं किया हुआ था।

उसे उक्त गंभीर लापरवाही के लिए खाद्य सुरक्षा एवम मानक अधिनियम की धारा-32 के अंतर्गत नोटिस थमाया। कमियों को तुरंत दुरुस्त करने के लिए पाबंद किया व 120 किलो चासनी व 30 किलो सड़ी-गली सोहन पापड़ी मौके पर ही नष्ट करवाई तथा खीरमोहन का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिया गया।

इसके बाद टीम ने वजीरपुर की बनवारी किराना स्टोर व रामकेश सैनी किराना स्टोर से 4 नमुने घी (प्योर इट), मस्टर्ड ऑयल (पवन), रिफाइंड पाम ऑयल,चाय के नमूने लिए। टीम इसके बाद कृष्णा चिलिंग सेंटर (केशव खीरमोहन) वजीरपुर पहुँची और बन रहे खीरमोहन व लूज़ घी के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिए। अभियान की कार्यवाही दीवाली तक निरंतर जारी है। सभी नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भिजवाया गया। लैब रिपोर्ट प्राप्त होने पर तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार सख्त अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## वन मंत्री संजय शर्मा पर्यटक बन पहुंचे रणथंभौर टाइगर रिजर्व, सफारी में मिली कई खामियां

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान के वन मंत्री संजय शर्मा ने रविवार को रणथंभौर टाइगर रिज़र्व का औचक दौरा किया. खास बात यह रही कि उन्होंने किसी को बिना सूचना दिए आम पर्यटक की तरह ऑनलाइन टिकट बुक कर जंगल सफारी का अनुभव लिया. इस दौरान उन्होंने जंगल की वास्तविक व्यवस्था का निरीक्षण किया और कई खामियां भी उजागर कीं।

इस दौरान वन मंत्री संजय शर्मा ने रणथंभौर टाइगर रिज़र्व का दौरा कर व्यवस्थाओं को जायजा लिया। साथ ही वन अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. रणथंभौर दौरे के दौरान वन मंत्री ने किसी को बिना जानकारी दिए आम पर्यटक की तरह ऑनलाइन टिकट बुक की और एक आम पर्यटक की भांति रणथंभौर में टाईगर सफारी का अनुभव लिया. उन्होंने तत्काल शेयरिंग स्लॉट में टिकट का भुगतान किया और फिर टोपी, चश्मा और मास्क लगाकर दूसरी पारी में रणथंभौर में सफारी की. वन मंत्री संजय शर्मा ने रणथंभौर के जोन नंबर तीन में पूरे तीन घंटे तक घूमकर जंगल और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने पार्क के प्रबंधन, गाइड व्यवस्था, वाहन संचालन और पर्यटकों की सुविधा का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने सफारी के दौरान मौजूद पर्यटकों से भी बातचीत की और उनसे सफारी अनुभव को लेकर सुझाव मांगे. सफारी के दौरान वन विभाग को मंत्री की



मौजूदगी की कोई जानकारी नहीं थी. अधिकारियों और कर्मचारियों को तब पता चला जब मंत्री ने सफारी पूरी करने के बाद अपनी पहचान उजागर की।

वन मंत्री ने कहा कि उन्होंने यह कदम इसलिए उठाया है, ताकि वे आम सैलानी की नजर से व्यवस्था की वास्तविकता देख सकें। उन्होंने सफारी के दौरान कमियां भी देखीं. जिस पर तुरंत एक्शन लेने की बात कही जा रही है । टाइगर सफारी के दौरान जंगल मे वन विभाग का गश्ती वाहन नही मिलने पर वन मंत्री ने नाराजगी जताई और वनकर्मियों से कहा कि इस तरह से कैसे होगी बाघों की मॉनिटरिंग , वन विभाग की एक भी गाड़ी जंगल में नहीं दिखी ,पार्क भ्रमण पर आने वाले सैलानी भी भगवान भरोसे है. रणथंभौर दौरे के दौरान वन मंत्री ने बाघों की मॉनिटरिंग को लेकर विशेष ध्यान देने का वन अधिकारियों को निर्देश दिए।

## जिला कलक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया 'राजस्थान दर्शन' शैक्षिक भ्रमण दल को रवाना

### विद्यार्थी देखेंगे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरें

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में कक्षा 7वीं एवं 8वीं में अध्ययनरत मेधावी विद्यार्थियों के लिए आयोजित राजस्थान दर्शन, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के दल को जिला कलक्टर काना राम ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला कलक्टर ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राजस्थान दर्शन भ्रमण न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान, दृष्टिकोण और बौद्धिक विकास को समृद्ध करेगा, बल्कि उन्हें राज्य की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, स्थापत्य कला, इतिहास और लोकपरंपराओं को करीब से जानने का अवसर भी प्रदान करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे भ्रमण के दौरान देखे गए स्थलों से प्रेरणा लेकर अपनी शिक्षा यात्रा को और सार्थक बनाएं। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) देवलाल मीणा एवं अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक दिनेश गुप्ता उपस्थित रहे।

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय महेश्वरा के प्रधानाचार्य एवं मुख्य दल प्रभारी रूप नारायण गुर्जर, सह प्रभारी संतोष देवी ने बताया कि जिले के विभिन्न ब्लॉकों से कक्षा 7 व 8 में अध्ययनरत कुल 24 मेधावी विद्यार्थी, जिनमें 10 छात्र और 14 छात्राएं हैं। 5 दिवसीय राजस्थान भ्रमण पर रवाना हुए हैं, जो 17 अक्टूबर 2025 को सवाई माधोपुर वापस लौटेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा के निर्देशन में भेजा गया भ्रमण दल 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक टोंक, पुष्कर, नाथद्वारा, उदयपुर, चितौड़गढ़ और कोटा के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण करेगा। इनमें डिग्गी कल्याणजी मंदिर, ब्रह्मा मंदिर पुष्कर, रंगजी मंदिर, नाथद्वारा श्रीनाथजी मंदिर, हल्दीघाटी, प्रताप स्मारक, सिटी पैलेस, फतेह सागर झील, चित्तौड़गढ़ किला, चम्बल गार्डन और इन्द्रगढ़ माताजी मंदिर जैसे प्रमुख स्थल शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि यह भ्रमण कार्यक्रम विद्यार्थियों में राजस्थान की संस्कृति, इतिहास और पर्यटन स्थलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

## विद्यार्थियों को परीक्षा में कम अंक मिले तो शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** शिक्षा निदेशक सीताराम जाट के एक आदेश ने शिक्षकों की परेशानी बढ़ा दी है। नए फरमान में स्पष्ट आदेश है कि अब शिक्षकों को शाला दर्पण पोर्टल पर बोर्ड परीक्षा मॉड्यूल में वर्ष 2025 की परीक्षा में प्रायोगिक परीक्षा एवं सत्रांक को छोडक़र लिखित ( मुख्य वार्षिक) परीक्षा में विषयवार 40 फीसदी से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या इंद्राज करनी होगी। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर शिक्षा निदेशक ने जिला शिक्षा अधिकारियों एवं संस्था प्रधानों को यह आदेश जारी किया है।

शिक्षक ने बताया कि वैसे भी बोर्ड परीक्षा में अमूमन विद्यार्थियों के सत्रांक व प्रायोगिक में शत-प्रतिशत ही अंक दिए जाते हैं जबकि सैद्धांतिक में कम अंक प्राप्त हो रहे। इससे शिक्षकों में इस बात का डर बना हुआ। शिक्षा विभाग के नए आदेश से शिक्षकों का परेशान होना लाजमी है। वहीं शिक्षक संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया हैं। शिक्षकों का कहना है कि एक तरफ स्कूलों में शिक्षकों को कई सारे गैर शैक्षणिक कार्य सौंप रखे है।

## नालसा-रालसा-डीएलएसए की संगठनात्मक संरचना को लेकर जागरूकता शिविर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान के अनुसरण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक के सचिव एवं अपर जिला न्यायाधीश दिनेश कुमार जलुथरिया द्वारा डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय, निवाई में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

सचिव जलुथरिया ने अपने संबोधन में विधिक सेवा प्राधिकरणों की संगठनात्मक संरचना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) माननीय उच्चतम न्यायालय के अधीन एक शीर्ष संस्था है, जिसकी स्थापना विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत की गई है।



नालसा का मुख्य उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर समाज के कमजोर, वंचित, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों, महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना है ताकि न्याय सभी के लिए सुलभ हो सके। नालसा पूरे देश में विधिक साक्षरता, लोक अदालतों का आयोजन, पीड़ित सहायता एवं पुनर्वास योजनाएँ संचालित करता है और वैकल्पिक विवाद निपटान प्रणाली को प्रोत्साहित करता है।

उन्होंने बताया कि नालसा के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य स्तर पर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) कार्य करता है, जिसका मुख्यालय जयपुर में स्थित है। रालसा का दायित्व है कि राज्यभर में नालसा की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। यह राज्य के सभी जिलों के विधिक सेवा प्राधिकरणों की गतिविधियों की निगरानी, प्रशिक्षण, नीति निर्माण एवं पर्यवेक्षण का कार्य करता है।

सचिव जलुथरिया ने आगे बताया कि जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) कार्यरत है।

### कांग्रेस संगठन सर्जन अभियान : जिला कांग्रेस कमेटी टोंक में कांग्रेस देहात ब्लॉक एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मीटिंग

# अब ऊपर से नहीं कार्यकर्ताओं में से आएगा जिलाध्यक्ष का नाम-राजेश कश्यप

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** कांग्रेस संगठन सर्जन अभियान के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी टोंक में कांग्रेस देहात ब्लॉक एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई मीटिंग। जिसमें मुख्य रूप से संगठन सर्जन अभियान जिला प्रभारी राजेश कश्यप, प्रदेश महासचिव फूल सिंह ओला प्रदेश सचिव प्रद्युमन सिंह राठौड,. जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

राजेश कश्यप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन सर्जन अभियान के तहत जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को ऊपर लाने का काम किया जाएगा, उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति कांग्रेस के प्रति निष्ठा एवं लगाओ के साथ काम कर रहा है उसको कांग्रेस संगठन सर्जन अभियान के तहत अपनी नुमाइदगी का अवसर प्राप्त होगा ।


उन्होंने कहा कि सभी लोगों की राय लेने के बाद छह लोगों का पैनल तैयार



करके राष्ट्रीय कांग्रेस को भेजा जाएगा । प्रद्युम्न सिंह जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा आदि लोगों ने कांग्रेस संगठन सर्जन अभियान के तहत अपने विचार व्यक्त किया मीटिंग के बाद कार्यालय में जिला अध्यक्ष के लिए आवेदन किए गए। आवेदन के बाद लोगों से विस्तारित रूप से कांग्रेस संगठन को लेकर चर्चा की। जिसमें शहर के कांग्रेस से जुड़े लोगों ने अपने आवेदन दिए जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी पूर्व विधायक कमल बेरवा प्रदेश सरपंच संघ हंसराज फागना उपाध्यक्ष संगठन महासचिव दिनेश चौरसिया, देहात ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा, शहर ब्लॉक अध्यक्ष मिर्जा इरशाद बेग, सलीम नकवी, महमूद शाह, सलीमुद्दीन खान, सरताज अहमद, सुनील बंसल, पीसीसी सदस्य माया सुवलका, देवकरण गुर्जर, शैलेंद्र शर्मा, जेबा खान, शब्बीर अहमद, आशा नामा, धर्मेंद्र सालोदिया, शिवजी राम मीणा सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के अंत में टोंक सवाई माधोपुर सांसद हरीश मीणा के पुत्र के आकस्मिक निधन पर मौन रखकर की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गईं।

## आरएएस सोहन सिंह नरूका ने संभाला एसडीएम का पदभार

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** सोहन सिंह नरूका विषेषाधिकारी (भूमि), नगर विकास न्यास, अलवर से उपखण्ड अधिकारी उनियारा के पद पर स्थानान्तरण होने के बाद सोमवार उपखण्ड अधिकारी उनियारा का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

## मर्चेंट नेवी एसोसिएशन का दीवाली स्नेह मिलन समारोह 2025 सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मर्चेंट नेवी एसोसिएशन द्वारा आयोजित दीवाली मिलन समारोह 2025 बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। यह समारोह लगातार तीसरे वर्ष सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसने सभी सदस्यों और उनके परिवारों को एक साथ आने का सुंदर अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, मनोरंजक खेल, संगीत कार्यक्रम और बच्चों के लिए विशेष गतिविधियाँ आयोजित की गईं। पूरे आयोजन में पारिवारिक सौहार्द और उमंग का वातावरण बना रहा।

समारोह के अंत में मर्चेंट नेवी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी उपस्थित सदस्यों और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में यह परंपरा और भी बड़े स्तर पर जारी रहेगी।

## तीन माह में एक सौ मरीजों को मिला हीमोडायलीसिस का लाभ-यादव



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित उपजिला अस्पताल बानसूर में अब तक एक सौ मरीजों का सफल डायलिसिस हुआ है। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार यादव ने बताया कि पहले मरीजों को डायलीसिस के लिए जयपुर जाना पड़ता था। लेकिन विधायक देवीसिंह शेखावत के प्रयास से जुलाई 2025में डायलीसिस मशीन लगवाई गई। जिसके बाद से अब तक एक सौ मरीजों को डायलीसिस का लाभ मिल चुका है। वहीं मरीज और उसके परिजन ने बताया कि जब से डायलीसिस मशीन लगाई गई हैअब जयपुर नहीं जाना पड़ता। वहीं सोनोजोलिस्ट चिकित्सक डॉ अमित यादव, रेडियोग्राफर इन्द्रा गुर्जर व सर्जरी टीम का नेतृत्व डॉ ओमप्रकाश पलसानिया तथा नर्सिंग अधिकारी श्रीपाल गुर्जर ने किया। सफल डायलीसिस के बाद मरीजों ने चिकित्सकों और स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत का आभार जताया है।

## शहरी क्षेत्र में 14 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर आयोजित होंगे शिविर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र के नागरिकों को राहत प्रदान करने एवं उनके मूलभूत कामों को एक ही छत के नीचे सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से 14 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर सेवा पखवाडे के अंतर्गत शहरी सेवा शिविर आयोजित होंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि अलवर नगर निगम क्षेत्र में 14 अक्टूबर को वार्ड संख्या 58 से 59 तक के लिए नगर निगम कार्यालय में शिविर आयोजित होंगे। वहीं 14 अक्टूबर को अरावली विहार द्वितीय, जय कॉम्पलेक्स, नरू मार्ग, वेयर हाउसिंग गोदाम, नेमीचंद मार्केट, ट्रांसपोर्ट नगर, वैशाली नगर एवं सम्पूर्ण गैर योजना क्षेत्र के लिए नगर विकास विकास न्यास के नागरिक सेवा केंद्र न्यास परिसर में शिविर का आयोजन होगा।

## राष्ट्रीय सीपीआर जागरूकता सप्ताह के तहत दिलवाई गई शपथ



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित उपजिला अस्पताल के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक प्रदीप कुमार द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय सीपीआर सप्ताह के तहत बानसूर आईटीआई कॉलेज के विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सीपीआर देने का प्रशिक्षण दिया गया एवं आपातकालीन परिस्थितियों में सीपीआर देने की शपथ भी दिलवाई।

इस मौके पर संस्था के प्राचार्य दयाराम गुर्जर ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय सीपीआर जागरूकता सप्ताह के तहत आमजन सीपीआर देने के लिए जागरूकता पैदा की जा रही है। जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में किसी मरीज की जिंदगी बचाई जा सके।इस पहल के लिए प्राचार्य सहित स्टॉफ ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार यादव एवं प्रशिक्षण देने वाले चिकित्सकों डॉ अरुण शर्मा और डॉ प्रदीप कुमार का आभार जताया।

## घर के आंगन में खेल रही 7 साल की बच्ची को सांप ने डसा, मौत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर में सांप के डसने से 7 साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। हादसा अलवर जिले के नौगांवा थाना क्षेत्र का है।

नौगांवा थाने के हेड कॉन्स्टेबल फजरुद्दीन ने बताया कि रविवार शाम को भुजाका गांव निवासी ओखली के घर आंगन में बच्चे खेल रहे थे। परसिर में मुर्गो को रखने का बाड़ा था। वहां एक काला सांप आ गया। खेलते-खेलते 7 साल की बच्ची असलिका बाड़े की तरफ गई तो उसे सांप ने डस लिया। बच्ची के चिल्लाने पर परिजन गए और उसे हॉस्पिटल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### राजगढ़ नगरपालिका में एसीबी की बड़ी कार्यवाही

# नगरपालिका के राजस्व विभाग का प्रभारी 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए राजगढ़ नगरपालिका के प्रभारी राजस्व/भूमि शाखा (सहायक कर्मचारी) रामहेत बैरवा को 12 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी अलवर प्रथम की टीम ने यह कार्यवाही की। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी चौकी अलवर को शिकायत मिली कि परिवादी द्वारा उसकी धर्मपत्नी के नाम से रेबारपुरा मोहल्ले दौला खोजा की कोठी राजगढ़ में वर्ष 2020 में रजिस्ट्री से 242 वर्गगज प्लाट खरीदा था करीब एक माह पूर्व उक्त प्लॉट का पट्टा बनवाने के लिये मैने नगर पालिका राजगढ़ मे फाईल लगाई थी। नगर पालिका द्वारा उक्त पट्टे के क्रम में दिनांक 3 अक्टूबर 2025 को 75978 रूपये पट्टा राशि जमा कराने पर भी मेरा पट्टा नही बनाने पर 9 अक्टूबर 2025 को नगर पालिका से संबंधित बाबू



रामहेत बैरवा से मिला और मेरी पत्नी के नाम पट्टा जारी करने के संदर्भ में बातचीत की तो आरोपी ने मुझसे पट्टा जारी करने के लिये 10 हजार रूपये तथा उसकी पत्नी के दुसरे प्लॉट के कनवर्जन के आदेश जारी करने हेतु 5 हजार रूपये रिश्वत की मांग की। जिस पर आरोपी द्वारा 3 हजार रूपये दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को रिश्वत के मांगकर प्राप्त किये गये। दिनांक 10 अक्टूबर को शिकायत का सत्यापन करवाये जाने पर आरोपी द्वारा परिवादी के एक प्लाट का पट्टा जारी करने के लिये 10 हजार रूपये तथा दुसरे प्लॉट के कनवर्जन के आदेश जारी करने हेतु 2 हजार रूपये की शेष राशि कुल 12 हजार रूपये रिश्वत के मांग की पृष्टि की गई जिस ट्रेप कार्यवाही आयोजित की। जिसके दौरान आरोपी रामहेत बैरवा से उक्त मांग के कम में 12 हजार रूपये की रिश्वत राशि परिवादी से रिश्वत राशि ग्रहण करने पर आरोपी से रिश्वत की राशि आरोपी की पहनी हुई शर्ट की सामने की बाई जेब से बरामद की गई। यह कार्यवाही उप महानिरीक्षक पुलिस प्रथम राजेश सिंह के सुपरविजन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसीबी चौकी अलवर प्रथम महेंद्र कुमार के नेतृत्व में की गई। आरोपी से पुछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## संगठन सृजन अभियान से कांग्रेस को मिलेगी नई दिशा : टीकाराम जूली

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने सोमवार को अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उमरैण एवं मालाखेड़ा ब्लॉक के कार्यकर्ताओं की कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत महत्वपूर्ण बैठक ली।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने के लिए पूरी तरह समर्पित है, विपरीत परिस्थितियो में भी कांग्रेस कार्यकर्ता देश को एकजुट रखकर पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी मजबूती के साथ काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले और ब्लॉक में ऑब्जर्वर भेजे गए हैं जो स्थानीय कार्यकर्ताओं और आम जनता से रायशुमारी कर रणनीति के तहत पार्टी के विस्तार के लिए जुटे है। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य जनता के बीच अपनी पहुंच बढ़ाना और पार्टी को जमीनी स्तर पर सक्रिय करना है। उन्होंने कहा कि यह केवल राष्ट्रीय सृजन कार्यक्रम नहीं है बल्कि संगठन को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण कदम होगा।

उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को मजबूत करना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और पार्टी की रीति नीति व विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने अलग-अलग कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेकर संगठन की वर्तमान स्थिति और भविष्य को लेकर रायशुमारी की।

उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी का गठन भी समावेशी होगा जिसमें युवाओं,महिलाओं और सभी वर्गों की भागीदारी प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाएगी। संगठनात्मक ढांचे को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया दीपावली के बाद पूरी की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आवाह्न करते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के साथ कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अन्याय व उत्पीड़न के खिलाफ मजबूती से लड़ेगा और विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने भाजपा की दमनकारी नीतियों पर तंज कसते हुए कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है, कांग्रेस के साथ देश का आम आवाम है जो इस तानाशाहपूर्ण सरकार को माकूल जवाब देने के लिए तैयार है। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर सलीम अहमद, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर इंद्राज गुर्जर, जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा,मालाखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष सावित्री नरेंद्र मीणा, उमरैण ब्लॉक अध्यक्ष जफरु खान संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कलक्टर ने ली जिला स्तरीय कृषि समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कृषि समिति की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए।

कलक्टर ने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देशित किया कि विभाग की योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित कर सैचुरेशन स्तर तक क्रियान्वित सुनिश्चित करें।

उन्होंने योजनाओं की प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करावें।

कलक्टर ने तारबंदी फसल सुरक्षा योजना, कृषि यंत्र योजना, फार्म पॉन्ड (खेत तलाई) निर्माण योजना, सिंचाई पाइप लाइन योजना, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना एवं राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन इत्यादि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप सैचुरेशन स्तर प्राप्त करने के निर्देश दिए।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के हरिमोहन मीना ब्लॉक अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला अध्यक्ष मनोज कुमार मीणा की अध्यक्षता में अखिल कर्मचारी महासंघ की बैठक रैणी पंचायत समिति परिसर सभागार में हुई। जिसमें 6 अक्टूबर को कर्मचारी महासंघ की वेतन विसंगतियां, नियमित पदोन्नति, पीएफआरडीए अधिनियम के तहत राज्य कर्मचारियों के वेतन से पूर्व की गई कटौती वापस कराने आदि मांगों को लेकर मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को दिए ज्ञापन पर चर्चा की गई। सभी मांगों के संदर्भ में आंदोलन की आगामी रुपरेखा, कर्मचारी जागरण अभियान, जिला स्तर पर चेतावनी धरना, प्रदेश में संघर्ष चेतन यात्रा के लिए कर्मचारियों में सहमति बनाई। ब्लॉक अध्यक्ष कर्मचारी महासंघ उपशाखा रैनी पद पर हरिमोहन मीणा की नियुक्ति सर्वसम्मिति से व ब्लॉक महामंत्री अरविंद कुमार को बनाया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष मनोज कुमार मीणा, जिला अध्यक्ष मुकेश ईटोली राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ अलवर, अरविंद मीणा, नरेश कुमार मीणा, खेमराज मीणा, अजय कुमार तिवारी, प्रकाश वर्मा, अमर सिंह, राजेश मीणा, ललित प्रसाद शर्मा, अंशु सिंह राजपूत, सुमेर सिंह मीणा, चेतराम , समरथ लाल , मनीष मीना आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक में उपजिला अस्पताल बनाने की उठी मांग

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक तहसील परिसर के पटवार केन्द्र में राजगढ़ -लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगेलाल मीना के मुख्य आतिथ्य एवं एसडीएम सीमा मीना की अध्यक्षता में हुई। राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण समिति के सदस्य अनिल कुमार गुप्ता ने क्षेत्रीय विधायक मांगेलाल मीना को राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन ओपीडी दो हजार से पच्चीस सौ रहती है। इसके लिए उप जिला अस्पताल का दर्जा दिलवाने, महिला चिकित्सालय में सिजेरियन डिलीवरी शुरू करवाने, स्वीकृति के 5 माह बित जाने के बाद भी ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने, सोनोग्राफी मशीन को पुनः चालू करवाने, सीआर कम्प्यूटेड रेडिग्राफ डिजिटल एक्स-रे आदि की जांच, रात्रिकालीन चिकित्सक की नियुक्ति, फायर सेफ्टी उपकरण लगवाने आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। बैठक में चिकित्सा प्रभारी डॉ रमेश मीना, राजगढ़ विकास मंच अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, डॉ सत्यप्रकाश मीना, डॉ महेश मीना, डॉ मीना गुप्ता, मुकेश सोनी, मांगेलाल मीना, नर्सिंग विभाग राजेंद्र शर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग से सहायक अभियंता सविता मीना आदि उपस्थित रहे।

## 'नव विधान- न्याय की नई पहचान' के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिला स्तर पर लाइव प्रसारण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को जयपुर में आयोजित 'नव विधान-न्याय की नई पहचान' के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिला स्तर पर प्रताप ऑडिटोरियम में वीसी के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति संजीव प्रकाश शर्मा की गरिमामय उपस्थित रही।



राज्य स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नव अपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी का उद्घाटन, 4 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग, 9300 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण, दुग्ध उत्पादकों को दुध सब्सिडी के पेटे 364 करोड रुपए की राशि का हस्तांतरण, विधार्थियो को यूनिफॉर्म के लिए 240 करोड रुपए की राशि का हस्तांतरण, विकसित राजस्थान-2047 की कार्ययोजना का विमोचन तथा 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना पोर्टल का शुभारंभ किया गया। साथ ही एफएसएल के 56 वाहनों एवं महिला सुरक्षा पेट्रोलिंग के लिए 100 स्कूटियों व मोटरसाइकिलों की रवानगी की। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री मोहन लाल सोनी, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री कांबले शरण गोपीनाथ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका, एसडीएम अलवर श्री माधव भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, विद्यार्थी मौजूद रहे।

### महिला रोग विशेषज्ञ के कार्य ग्रहण पर भाजपाईयों ने किया सम्मान

# बानसूर अस्पताल का गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा में स्थान : यादव

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित बानसूर के उपजिला अस्पताल में महिला रोग चिकित्सक डॉ मनीषा जोलिया की नियुक्ति पर जो स्त्री रोग विशेषज्ञ है का सम्मान भाजपाईयों ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर किया। भाजपाईयों ने चिकित्सालय द्वारा दी जा रही सुविधाओं के लिए उपजिला अस्पताल टीम का भी सम्मान किया।

इस मौके पर स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत का आभार जताते हुए भाजपाईयों ने कहा कि स्त्री रोग विशेषज्ञ की काफ़ी वर्षों से लोगों सहित हम भाजपाईयों की मांग थी जो शेखावत ने पूरी कर दी !इसके लिए विधायक देवीसिंह शेखावत का हम सब भाजपाई ह्रदय से आभार व्यक्त करते हैं।



इस मौके पर बोलते हुए उपजिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार यादव ने कहा कि मैडम यह अस्पताल मरीजों के लिए विश्वास का केन्द्र है यहाँ कि चिकित्सा सुविधाएं दूर -दराज तक प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में आमजन का विश्वास हासिल करने के लिए निष्ठा और समर्पण से कार्य करना होगा। वहीं अलवर उत्तर के जिला उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता तथा बानसूर नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन के प्रतिनिधि सज्जन मिश्रा ने कहा कि डॉ साहिबा समर्पण भाव से कार्य करने के लिए विख्यात हैं पर इनके पति को भी तो यहाँ लाना होगा तभी तो एकऔर एक ग्यारह होगा !इस मौके पर डॉ. मनीषा जोलिया को पुष्पगुच्छ और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया एवं डॉ. राजेश कुमार यादव व उनकी टीम को माला व साफा पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन सज्जन मिश्रा,जिला मंत्री नीलम त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता एडवोकेट नरेंद्र चौधरी,योगेश सोनी, विजय कुमावत, एडवोकेट संकेत लाटा,विष्णु सोनी, सुरेंद्र चौहान, एडवोकेट पूर्ण जाट,योगेश कुमावत, हरि सिंह सैनी, मदनलाल बासना, ओमपाल चौहान,किशनलाल यादव एवं एडवोकेट रामसिंह सहित भाजपाई मौजूद रहे।

## गंगधार थाना परिसर में नवीन आपराधिक कानूनों पर वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)**। राजस्थान पुलिस द्वारा नवीन आपराधिक कानूनों के सम्बन्ध सोमवार क़ो वर्चुअल के माध्यम सें लोगो क़ो जानकारी दी गई, गंगधार थाना परिसर मे टीवी के माध्यम से सीधा प्रसारण देखा। जे ई सी रा सी रा सी सीतापुरा जयपुर में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ अमित शाह गृह मंत्री द्वारा किया गया तथा लोगो क़ो नए कानून के बारे मे जानकारी दी गई,पुलिस थाना गंगधार पर एक वीसी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गृहमंत्री एवं डीजीपी राजस्थान एवं उच्च अधिकारियों द्वारा वर्चुअल संवाद किया, कार्यक्रम मे पुलिस कार्मिकों के साथ साथ गणमान्य नागरिकों,सीएलजी सदस्यों,पुलिस मित्र , ग्राम रक्षक ,सुरक्षा सखी ओर व्यापार संघ के सदस्यों ने भाग लिया।

## उत्तर निगम क्षेत्र में दिन में दो बार उठेगा कचरा, तय समय पर पहुंचेगा टिपर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** नगर निगम कोटा उत्तर क्षेत्र में दीपावली पूर्व विशेष सफाई अभियान के तहत अब कचरा पोइंट्स से दिन में दो बार कचरा उठाया जाएगा। साथ ही घर-घर कचरा संग्रहण के लिए लगाए गए टिपर हर घर तक तय समय पर पहुंचे, इसके लिए निगम रूट चार्ट भी सार्वजनिक करेगा। आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने बताया कि दीपावली के दौरान घर-घर सफाई से कचरा बढ़ जाता है, इसलिए सुबह के साथ दोपहर में भी कचरा उठाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक टिपर का रूट गूगल मैप पर उपलब्ध कराया जाएगा ताकि नागरिकों को जानकारी रहे और निगरानी भी आसान हो। इसके लिए स्वास्थ्य निरीक्षकों और कनिष्ठ अभियंताओं को जिम्मेदारी दी गई है। निगम ने सफाई संबंधी शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नम्बर 8769843298 भी जारी किया है, जिस पर नागरिक गंदगी की फोटो और लोकेशन भेज सकते हैं। आयुक्त त्यागी ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और सुधार के निर्देश दिए। साथ ही मांस के अवैध व्यापार पर कार्रवाई कर अवैध दुकानें ध्वस्त कराई गईं तथा सडक़ों पर चारा बेचने वालों के खिलाफ सख्ती के निर्देश दिए।

## सेवाधाम आश्रम पहुंचे जिला कलक्टर बुज़ुर्गों संग मनाया दिवाली स्नेह मिलन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (श्याम गौड़।)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने सोमवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित राजकीय वृद्धाश्रम सेवाधाम आश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों के साथ दीपावली स्नेह मिलन मनाया। उन्होंने सभी बुजुर्गों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम में बुजुर्गों ने माला व साफा पहनाकर जिला कलक्टर का स्वागत किया। कलक्टर समारिया ने सभी को दीपावली किट प्रदान की, जिसमें दीया, मिठाई, फूलझड़ी और पूजा सामग्री शामिल थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास रहेगा कि आश्रम में किसी भी सुविधा की कमी न रहे और बुजुर्ग त्यौहारों पर स्नेहपूर्ण वातावरण में रहें। सेवाधाम आश्रम का संचालन कर रही संस्था जागृति सेवा मंदिर के मनोज जैन एवं रविंद्र जैन ने बताया कि वर्तमान में यहां 25 बुजुर्ग रह रहे हैं, जिनकी दैनिक दिनचर्या में योग, भजन और नियमित स्वास्थ्य जांच शामिल है। आश्रम में समाचारपत्र, मैगजीन और अन्य संस्थाओं की सहभागिता से बुजुर्गों की सेवा की जाती है।

## थाना विज्ञाननगर पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.स.)।** पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम (आईपीएस) के निर्देशन में थाना विज्ञाननगर पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। फरियादी राजूदेवनाथ निवासी विज्ञाननगर, कोटा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 09 नवंबर 2024 को उसने अपनी मोटरसाइकिल पेशन रोड नं. 1 स्थित एलेन डिजिटल के बाहर खड़ी की थी, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। इस पर थाना विज्ञाननगर में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने लगातार प्रयास करते हुए आरोपी सोहेल खान पुत्र शबीर मोहम्मद, उम्र 25 वर्ष, निवासी दर्गावाली गली, तालाब गांव, थाना अंतपुरा, कोटा शहर को 13 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार किया। आरोपी से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी से अन्य चोरी के मामलों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस टीम में सउनि समुंदर सिंह सहित अन्य कार्मिक शामिल रहे।

## कोटा में 13 से 17 अक्टूबर तक सीपीआर जागरूकता सप्ताह

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत



सरकार के निर्देशानुसार जिले में 13 से 17 अक्टूबर तक सीपीआर जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. नरेंद्र नागर ने बताया कि इस दौरान जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। सभी मेडिकल, नर्सिंग और प्रबंधकीय कार्मिकों को ऑनलाइन पंजीकरण कर सीपीआर प्रशिक्षण लेना अनिवार्य किया गया है। जिला कलेक्टर पीयूष समारिया के निर्देश पर पुलिस, महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय, शिक्षा, पशुपालन, आयुर्वेद, मेडिकल कॉलेज, ईएसआई, सैनिक रेलवे चिकित्सालय और निजी अस्पतालों के अधिकारी व कर्मचारी भी ऑनलाइन प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। सोमवार को चिकित्सा संस्थानों में प्रशिक्षण शुरू हो गया।

# कलक्टर के निर्देश पर अग्निशमन दल ने किया हॉस्पिटलों का निरीक्षण

## एनएमसीएच में होज बॉक्स में होजपाईप एवं नोजल उपलब्ध नहीं थे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा,(का.स.)।** जयपुर में एसएमएस हॉस्पिटल के ट्रोमा आईसीयू में हुई अग्नि दुर्घटना के बाद जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया द्वारा दिए गए निर्देशों की अनुपालना में नगर निगम की अग्निशमन टीमों द्वारा सोमवार को न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एवं सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भवन में नियमानुसार फायर फाईटिंग इंसटोलेशन स्थापित नहीं था, स्प्रिकंलर लाईन भी नहीं थी और सेकण्ड फ्लोर पर स्थित स्मोक डिटेक्टर भी कार्यशील अवस्था में नहीं था। हॉस्पिटल में होज बॉक्स में होजपाईप व नोजल उपलब्ध नहीं है, जबकि सदैव होजपाईप व नोजल हॉज बॉक्स में होना अनिवार्य है। साथ ही, प्रशिक्षित अग्निशमन कर्मचारी उपलब्ध नहीं है, जबकि प्रत्येक पारी में 2-3 प्रशिक्षित अग्निशमन कर्मचारी 24 घंटे उपलब्ध होना अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फायर अलार्म सिस्टम कार्यशील अवस्था में नहीं है जिस पर उसे ठीक कराने के निर्देश दिए गए। आपातकालीन निकास द्वार/सीढीयों को भी अवरोध रहित एवं खुले रखे जाने के निर्देश दिए गए।

सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज में अग्निशमन यंत्र/उपकरण तो स्थापित है, लेकिन फायर पाईप लाईन में पानी नहीं होने के कारण कार्यशील अवस्था में नहीं है। हॉज बॉक्स में होजपाईप में नोजल नहीं है, जबकि सदैव होजपाईप व नोजल हॉज बॉक्स में होना अनिवार्य है। स्मॉक डिटेक्टर कार्यशील अवस्था में नहीं है, एवं पैनल भी खराब है। फायर अलार्म सिस्टम का मैन स्विच बन्द करके रखा हुआ था जबकि 24 घंटे चालू अवस्था में रखा जाना अनिवार्य है। वहां अग्निशमन यंत्र/उपकरणों की जानकारी रखने वाले 3 ही कर्मचारी उपलब्ध है, जबकि प्रत्येक पारी में 2-3 प्रशिक्षित अग्निशमन कर्मचारी 24 घंटे उपलब्ध होना अनिवार्य है। इसके अलावा आपातकालीन सीढीयों के द्वार पर ताले लगे हुये थे, जिन्हे मौके पर ही खुलवाया गया। हॉस्पिटल भवन के सभी आपातकालीन सीढीयों/निकास द्वार को 24 घंटे खुले रखने हेतु निर्देशित किया गया। वार्ड में एक्सटिंग्यूशर उपलब्ध नहीं थे जिस पर अविलम्ब एक्सटिंग्यूशर स्थापित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। वार्ड में रुई, कॉटन, मेडिकल भण्डारण, मेडिकल डिस्पोजल वेस्ट आदि रखे हुए थे जो कि अवरोधक हैं। इन्हें नियमित रुप से स्टोर में ही रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। पांचवे फ्लोर पर ऑपरेशन थिऐटर में फायर कम्पार्टमेन्ट में मैन हाईड्रेन्ट लाईन में प्रेशर गेज नहीं लगा हुआ था। हॉस्पिटल भवन में आपातकालीन निकास द्वार पर फायर एक्जिट/आपातकालीन निकास/बाहर जाने का रास्ता बोर्ड पर अंकित कर लगवाने तथा पुलिस तथा फायर कंट्रोल रूम (0744-2472355, 2392201, 2380310, 2949101) के नंबर हॉस्पिटल भवन में विभिन्न स्थानों पर अंकित करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास के नेतृत्व में अमजद खान अग्निशमन अधिकारी, मो. अजहर खान अग्निशमन अधिकारी, सीता चौपदार सहायक अग्निशमन अधिकारी एवं सम्बन्धित हॉस्पिटल के अधीक्षक व स्टाफ भी उपस्थित रहे।

**जागरूकता अभियानों से,अब ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ेगा नेत्रदान अंगदान**

# लीडर स्काउट कैंप में नेत्रदान अंगदान विषय पर चर्चा




बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय कोटा के तत्वाधान में जिला स्तरीय फ्लॉक लीडर,गाइड कैप्टन,रेंजर लीडर बेसिक कोर्स के सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन कल मंडल प्रशिक्षण केंद्र अलनिया में संपन्न हुआ। समापन समारोह पर नेत्रदान अंगदान और देहदान के लिए सम्मिलित रूप से, पिछले 14 वर्षों से कार्य कर रही संस्था, शाइन इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक डॉ कुलवंत गौड़ ने आए हुए सभी सहभागियों को नेत्रदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी । डॉ गौड़ ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अनुरोध किया कि, वह अपने-अपने क्षेत्र के छोटे-छोटे गांव कस्बों तक नेत्रदान की कार्यशालाओं को आयोजित करने में संस्था का सहयोग करें, डॉ गौड़ ने बताया कि,अब समय आ चुका है, जब हमें शहरों से निकलकर गाँवों से होते हुए छोटे छोटे कस्बों में जाना है । डिस्ट्रिक ट्रेनिंग कमिश्नर विमलेंद्र राठी,सीओ गाइड प्रीति कुमारी, सहायक राज्य संगठन आयुक्त दिलीप कुमार माथुर ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि, स्काउट एक नियमित, समयबद्ध,प्रशिक्षित एवं सेवा करने वाले युवाओं का एक संगठन है । नेत्रदान के संदेश को घर-घर तक पहुंचाना इनका नैतिक दायित्व है । कार्यशाला में डॉ गौड़ ने न सिर्फ नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया, बल्कि उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों के सभी सवालों का भी उचित उदाहरण देकर जवाब दिया ।

# गृहमंत्री की घोषणा,कटे के घाव पर नमक छिड़कने के समान -रामपाल जाट

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां (टी. आर सैनी)।** देश के गृहमंत्री अमित शाह ने राजस्थान के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन उपजों की शत-प्रतिशत खरीद की गारंटी की घोषणा की है। इसमें चतुर्तापूर्ण भाषा-शैली का उपयोग किया गया है। जो भी इसे सुनेगा, सामान्य रूप से प्रफुल्लित हो जाएगा, विशेष कर दलहन उत्पादक किसानों के चेहरे पर चमक आ जाएगी। किंतु वास्तविकता की जानकारी होने पर पर किसान अपने आप को ठगा सा महसूस करेगा। क्योंकि मूंग एवं चना को इस घोषणा में सम्मिलित नहीं करना कटे घाव पर नमक छिडक़ने के समान है।

देशभर में अरहर में कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओड़ीसा के अतिरिक्त संपूर्ण देश के उत्पादन में पांच प्रतिशत उत्पादन के साथ राजस्थान अंतिम छोर पर है। मसूर और अरहर तो राजस्थान में नाममात्र की पैदा होती है। उड़द उत्पादन में मध्यप्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, उत्तरप्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र के बाद राजस्थान का सातवां स्थान है, जिसका उत्पादन देश के कुल उत्पादन में से मात्र 6प्रतिशत के लगभग है।

मूंग के उत्पादन में राजस्थान का देश मे प्रथम स्थान है,जो देश के सकल उत्पादन का 49 प्रतिशत तक है। चना उत्पादन में मध्य प्रदेश का प्रथम स्थान है, दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र आता है। राजस्थान में चना उत्पादन लगभग 18त्न है, तथापि आर्थिक दृष्टि से चना उत्पादन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मसूर उत्पादन में मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश ,पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड के बाद राजस्थान का छठा स्थान है, जिसका उत्पादन संपूर्ण देश का 1.6त्न है।

जिन उपजो का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया जाता है, उनमें से दलहन एवं तिलहन की कुल उत्पादन में से 25त्न से अधिक खरीद नहीं करने की रोक लगाई गई थी। यह भेदभाव की श्रेणी में आता है। 31 अगस्त 2022 को अरहर, उड़द एवं मसूर पर 25त्न के स्थान पर 40त्न तक छूट दी गई थी। उसके बाद इन तीन दलहनों की शत-प्रतिशत अर्थात दाने-दाने की खरीद करने की अप्रैल 2023 से घोषणा कर दी गई। इन दलहनों में मूंग एवं चना पर 25त्न से अधिक नहीं खरीदने का अवरोध यथावत है।यह भेदभाव में भी भेदभाव है। राजस्थान के दलहन उत्पादक किसान पिछले 6 वर्षों से इस प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने के लिए निरंतर आंदोलनरत हैं7 इसके संबंध में राजस्थान सरकार के अतिरिक्त भारत सरकार के कृषि मंत्रियों में श्री नरेंद्र तोमर एवं श्री शिवराज सिंह चौहान से अनेक बार वार्ता हो चुकी है, किंतु परिणाम ढाक के तीन पात जैसा ही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी दलहनों में आत्मनिर्भरता की घोषणा मूंग एवं चना उत्पादक किसानों के लिए अर्थहीन रही है।

## कांग्रेस स्वप्न में भी सत्ता वापसी नहीं कर सकती : अरविन्द सिसोदिया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** भाजपा राजस्थान के मीडिया संपर्क विभाग के प्रदेश सहसंयोजक एवं राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल के शिक्षा प्रोत्साहन प्रन्यासी अरविन्द सिसोदिया ने कांग्रेस की पूर्व मंत्री ममता भूपेश के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस राजस्थान में सत्ता वापसी की बात भूल जाए। भजनलाल शर्मा सरकार ने केवल 20 महीनों में कांग्रेस की तीनों गहलोत सरकारों से अधिक जनहित कार्य किए हैं। सिसोदिया ने कहा कि कांग्रेस कुर्सी प्रधान पार्टी है, जिसमें जनहित का कोई स्थान नहीं। वहीं भजनलाल शर्मा सरकार ने पारदर्शिता, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलते हुए आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने बताया कि राज्य में 32,000 किमी से अधिक सडक़ों का निर्माण, 2.6 करोड़ मीटर नहर सफाई, लाखों किसानों और महिलाओं को योजनाओं से लाभ तथा जल प्रबंधन, स्वच्छ ऊर्जा और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। सिसोदिया ने कहा कि कांग्रेस स्वप्न में भी सत्ता वापसी नहीं कर सकती, क्योंकि जनता विकास और पारदर्शिता की सरकार चाहती है।

# भारतीय रावत महासभा ने मंत्री सुरेश सिंह रावत को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा/ कोटा (श्याम गौड़।)।** भारतीय रावत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जल संसाधन मंत्री एवं केबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत से मुलाकात कर समाज की विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मगरा मेरवाड़ा क्षेत्र को विशेष क्षेत्र घोषित करने और कोटा-रावतभाटा क्षेत्र में रावत राजपूत समाज के छात्रावास हेतु भूखंड आवंटन की मांग रखी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजयराज सिंह चौहान ने समाज की समस्याओं



पर विस्तार से चर्चा करते हुए मंत्री को कोटा-रावतभाटा आने का आमंत्रण भी दिया। ज्ञापन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कोटा कलेक्टर को फाइल की प्रक्रिया शीघ्र आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि समाज के विकास और विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कोटा संभाग में रावत समाज के विद्यार्थियों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन छात्रावास की व्यवस्था न होने से कठिनाइयाँ आती हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि कोटा में छात्रावास निर्माण समाज के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा।

# दिल्ली हाफ मैराथन में कोटा के धावकों ने दिखाया दम

बढ़ता राजस्थान



**कोटा,(का.स.)।** राजधानी दिल्ली में रविवार को आयोजित वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2025 में कोटा के धावकों ने शानदार प्रदर्शन कर शहर का गौरव बढ़ाया। कोटा से इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में कुल 25 धावकों ने भाग लिया। नई दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 21.097 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली इस दौड़ में देश-विदेश के 40,000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। कुल 2,60,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के इस आयोजन ने राजधानी में ऊर्जा और उत्साह का माहौल बना दिया। कोटा के धावकों में शक्ति सिंह हाड़ा ने 1 घंटा 35 मिनट में दौड़ पूरी की। अनंत त्रिवेदी 1:41, रितेश जोशी 1:43, यशपाल माणिक 2:02, पंकज सेठी 2:07, अशोक सारस्वत, अश्विन और अंकित सावला ने 2:18, सुभांकर 2:28 और शुभम मालपानी 2:20 में दूरी पूरी की। रोहन, रहीम, नितिन सैनी, राजेंद्र कुमार, हरि मोहन शर्मा, महेंद्र सिंह चौहान, मीना कंवर, नरेंद्र गौतम और विजय चंदवानी ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# बारातियों से भरी तेज रफ्तार कार हुई बेकाबू

## भीषण सड़क हादसे में एक की मौत, चार गंभीर

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी / राजगढ़ (प्रमोद राठौर)।** जयपुर-जबलपुर हाईवे पर रविवार देर रात दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया। बारातियों से भरी एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में रामगंजमंडी के खैराबाद निवासी एक बाराती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा खुरी गांव के पास रविवार रात करीब 11 बजे हुआ। जानकारी मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों घायलों को गंभीर स्थिति में झालावाड़ रेफर किया। मृतक के शव का सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार, रामगंजमंडी के खैराबाद से मुस्लिम समाज की एक बारात 10 से 12 वाहनों के काफिले में भोपाल गई थी। वहां से लौटते समय ब्यावरा-राजगढ़ मार्ग पर खुरी गांव के पास कार नंबर क्रछ्व 33 ष्टक्च 0046 अचानक बेकाबू होकर पलट गई। हादसे की टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। इधर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि हादसे का शिकार हुई कार में सवार सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य थे, जो शादी समारोह से लौट रहे थे।

## थर्ड पार्टी इंश्योरेंस में बीमा कंपनी एक्सीडेंट के बाद क्लेम की जिम्मेदार नहीं -मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** श्रीमती सुनीता वगैरह बनाम सियाराम की केस में मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण भरतपुर द्वारा यह निर्धारित किया कि थर्ड पार्टी इंश्योरेंस में दुर्घटना होने पर गाड़ी में सवार यात्री की मृत्यु या गाड़ी के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए बीमा कंपनी जिम्मेदार नहीं है. बीमा कंपनी की ओर से प्रमोद कुमार शर्मा एडवोकेट ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से पैरवी करते हुए अपेक्स कोर्ट के विभिन्न जजमेंट और तथ्यों का वर्णन करने के बाद न्यायालय ने यह निर्णय लिया. उक्त मुकदमे में एक अन्य बिंदु का निर्धारण भी अधिकरण ने माना कि अगर गाड़ी के बचने के बाद अगर रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर नहीं होती है तो उसके लिए घटना के समय पर आरसी होल्डर जिम्मेदार होगा।

दिनांक 6. 8.2020 को रामेश्वर अपने मित्र की कर में बैठकर यात्रा कर रहा था तभी भीम नगर तिहरे पर कार पलट गई और रामेश्वर की मृत्यु हो गई उसे समय गाड़ी का थर्ड पार्टी इंश्योरेंस था एवं सिया द्वारा उक्त वाहन दिनांक 16.9.15 को भीम सिंह को बेच दी गई थी. किंतु उसका रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर नहीं करवाई गई थी. इस कारण अधिकरण ने आरसी होल्डर व चालक को जिम्मेदार माना. बीमा कंपनी को नहीं। बीमा कंपनी की ओर से प्रमोद कुमार शर्मा एडवोकेट ने पैरवी की।

## जयपुर में आज धरना प्रदर्शन में डीग जिले से भाग लेंगे पंचायत शिक्षक व विद्यालय सहायक



बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** पंचायत शिक्षक एवं विद्यालय सहायक संघ राजस्थान के पंचायत शिक्षक एवं विद्यालय सहायकों के नियमितीकरण और 2 बर्ष की छूट की मांग को लेकर मंगलवार को जयपुर में शहीद स्थल पर प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन में भाग लेने के लिए डीग जिले से सभी पंचायत शिक्षक एवं विद्यालय सहायक संबंध में पंचायत शिक्षक एवं विद्यालय सहायक जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिनसिनी के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह जयपुर कूंच करेंगे।

पंचायत शिक्षक और विद्यालय सहायक संघ जिला डीग की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर का प्रदेश अध्यक्ष खेमंत खिठला के प्रदेशव्यापी आह्वान पर डीग जिले से सभी शिक्षकों ने मंगलवार को जयपुर में आयोजित संघ के करना प्रदर्शन में भाग लेने का निर्णय लिया है।

इस अवसर पर नटवर शर्मा ,राहुल कुमार ,विष्णु शर्मा,रवि ,ब्लॉक अध्यक्ष कुम्हेर मनवीर सिंह ,योगेश शर्मा पहाड़ी,चेतन प्रकाश कामा, और सतवीर पटेल नगर आदि उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय ओपन राइफल शूटिंग में गोल्ड मेडलिस्ट नंदिनी ने की सांसद से भेंट



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** 69वीं राज्यस्तरीय ओपन राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने और प्रदेश स्तर पर बेस्ट शूटर का खिताब हासिल करने वाली नंदिनी सिंह चौहान का राजसमंद सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने इकलाई पहनाकर स्वागत किया।सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने नंदिनी सिंह की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि आप जैसी होनहार और प्रतिभाशाली युवा खेलों के क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ा रही हैं। ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और आगे लाने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन किए जा रहे हैं।इस दौरान सांसद ने नंदिनी सिंह से बातचीत करते हुए उनकी प्रैक्टिस के बारे में जानकारी ली। नंदिनी ने बताया कि जिले में राइफल शूटिंग रेंज नहीं होने के कारण उन्हें घर पर ही अभ्यास करना पड़ता है। इस पर सांसद ने कहा कि उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि राजसमंद जिले में राइफल शूटिंग रेंज की स्थापना हो सके।

इस अवसर पर नंदिनी सिंह चौहान के पिता भाजपा जिला महामंत्री श्री महेंद्र सिंह चौहान, भाई श्री आदित्य प्रताप सिंह चौहान, सुश्री ऐश्वर्या चूंडावत सहित अन्य उपस्थित थे।

## सरमथुरा हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक नाले में गिरी, दोनों सवार घायल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** उपखंड के सरमथुरा हाईवे पर चिलाचोंद पंप के पास एक अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे राहगीर को टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल को परिजनों द्वारा बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना शहर के ठाकुर पाड़ा रोड पर हुई। जहां एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले में जा गिरा। दुर्घटना में घायल बाइक सवार को लोगो ने अस्पताल भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार सरमथुरा रोड पर चिलाचोंद गांव के पंप के पास 48 वर्षीय कल्ला पुत्र नवबा मुसलमान अपने घर से कुछ सामान खरीदने पैदल ही बाजार आया था। घायल के बड़े भाई पप्पू ने बताया कि जब कल्ला सामान लेकर घर जा रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उसको पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुचे परिजन उसे बाड़ी अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर कर दिया।

वहीं शहर के ठाकुर पाड़ा रोड पर एक बाइक सवार बाइक अनियंत्रित होने से सड़क किनारे नाले में जा गिरा। घायल बाइक सवार को लोगों ने बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। अस्पताल में भर्ती घायल जितेंद्र पुत्र सुल्तान गुर्जर निवासी कुआंखेड़ा ने बताया कि वह बाजार में दीपावली त्यौहार पर सामान लेने आया था। इस दौरान पहिया फिसलने से दुर्घटना का शिकार हो गया। घटना को लेकर घायल के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान, पर्यवेक्षक नदीम जावेद ने ली कार्यकर्ताओ की बैठक

# प्रदेश में कांग्रेस सरकार के लिए जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत होना जरूरी : नदीम जावेद

बढ़ता राजस्थान





**बाड़ी(राजू शर्मा)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत रविवार को बाड़ी ब्लॉक की एक आवश्यक बैठक कंचनपुर में आयोजित की गई। जिसमें दिल्ली एआईसीसी से आये पर्यवेक्षक नदीम जावेद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने बाड़ी ब्लॉक के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा की कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व तो मजबूत है लेकिन जमीनी स्तर पर पार्टी लगातार कमजोर हो रही है। ऐसे में एआईसीसी ने शीर्ष नेतृत्व से चर्चा के बाद नवसृजन संगठन अभियान का आगाज किया है। जिसमे गुजरात,एमपी और हरियाणा में जिला स्तर पर जिलाध्यक्षों की नवीन नियुक्ति हो चुकी है। वर्तमान मेंराजस्थान,पंजाब,उड़ीसा और झारखंड में नवसृजन संगठन अभियान जारी है। जिसमे उनको धौलपुर,करौली की जिम्मेदारी दी है। ऐसे में वे पिछले तीन से धौलपुर में ब्लॉक स्तर पर बैठक आयोजित कर पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रहे है।

बैठक के दौरान राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा ने कहा की कांग्रेस पार्टी में संगठन को मजबूत करने के लिए राहुल गांधी और शीर्ष नेतृत्व ने यह अभियान चलाया है। जिसमे जिलाध्यक्ष का चुनाव होगा। जो भी अध्यक्ष बने उसके नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ता मजबूती से काम करेंगे जिससे आगामी 2028 के विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बने।

बैठक में कांग्रेस जिला प्रभारी अजीत यादव,साजिद खान,कांग्रेस जिलाध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा ने भी अपना उद्बोधन दिया।

इस दौरान विधानसभा प्रभारी सद्दाम प्रशांत परमार अमित मुद्गगल,ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा,सैंपऊ अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा,बाड़ी नगर अध्यक्ष सेफ सईद खान,राजेश कुशवाहा,, रोशनी शिवहरे धर्मेंद्र शर्मा,पंकज तिवारी,प्रधान राजकुमार तोमर,अनिल अरेला,सेवादल महिला जिला अध्यक्ष बिनेश सविता,राजकुमार भारद्वाज,अनिल गर्ग,एलएस यादव,हरि पहाड़िया, सुलेमान फारुकी,शबनम खान,मंडल अध्यक्ष नईम खान,मनीष मंगल,महादेव मीना,केशव मीणा,पप्पू सोलंकी,कृष्णा परमार,,महावीर गॉड,भगवान सिंह जाटव,सोनू दिवाकर, आसिफ,शुभम परमार,बांकेलाल जाटव,अंसार खान रामवतार शर्मा लखना यादव आदि मौजूद रहे।

### सैक्टर स्तरीय कार्यक्रम

## बाड़ी में मनाया पोषण माह का आठवां चरण

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी(राजू शर्मा)।** जिला कलक्टर श्री निधि बी.टी., भूपेश गर्ग आईसीडीएस अधिकारी धौलपुर के निर्देशन में ब्लॉक बाड़ी अंतर्गत पोषण माह का सैक्टर स्तरीय कार्यक्रम दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को राजकीय बालिका नवीन विद्यालय, बाड़ी में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) बाड़ी अर्पित श्रीवास्तव ने की।कार्यक्रम के दौरान परिक्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रंगोली निर्माण, रेसिपी प्रदर्शन एवं स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने का संदेश देकर जनजागरूकता का संदेश दिया। यह पोषण माह का आठवां चरण था, जिसकी थीम सही पोषण - स्वस्थ जीवन रखी गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि कुपोषण केवल पोषक तत्वों की कमी नहीं बल्कि आज के समय में अति पोषण यानी मोटापे की समस्या भी इसका एक रूप है, जिसे संतुलित आहार और नियमित जीवनशैली से नियंत्रित किया जा सकता है। महिला पर्यवेक्षक रेखा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमें प्रोसेस्ड एवं पैक्ड खाद्य पदार्थों से बचते हुए पारंपरिक भोजन को प्राथमिकता देनी चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य पप्पूसिंह रावत ने अपने विचार साझा करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की भूमिका की सराहना की तथा कहा कि महिलाएं ही राष्ट्र के विकास की मूल आधारशिला हैं।

कार्यक्रम के दौरान पूजा कुमारी की गोद भराई एवं विकेश के बच्चे का अन्न प्राशन संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक पुष्पेन्द्र सिंह, ब्लॉक समन्वयक, नितिन कुमार, महिला पर्यवेक्षक रेखा शर्मा रेनू, एलडीसी राहुल शर्मा, रवीना खान, बलवीर सिंह मीणा, लता देवी सहित बाड़ी शहर की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## भुसावरी अग्र परिवार अन्नकूट व छप्पन भोग की झांकी 25 को

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावरी अग्र परिवार कार्यकारिणी की मीटिंग अध्यक्ष अनिल कुमार की अध्यक्षता में होटल रोयल विलास में आयोजित की गई। जिसमें आगामी 25 अक्टूबर शनिवार को 11.30 बजे सुबह शहनाई मैरिज होम रनजीत नगर में गत वर्ष की भांति अन्नकूट का आयोजन किया जावेगा। इस अवसर पर श्री गिर्राज महाराज की छप्पन भोग की झांकी व कीर्तन का आयोजन किया जावेगा।

मंत्री सुधीर मित्तल ने बताया कि सामाजिक महत्त्व को ध्यान देते हुए भुसावरी अग्र परिवार में विवाह योग्य युवक एवं युवतियों का विवरण फार्म भरवाया जायेगा।

इस अवसर पर मीटिंग में हरिमोहन मित्तल, घनश्याम गुप्ता, वेद गुप्ता, विकास मित्तल, सत्यव्रत आर्य, सतीश मित्तल, महेश कूलर वाले, वीरेन्द्र मित्तल, सुरेन्द्र सिंघल, धीरज मित्तल, विशन गुप्ता, ओमप्रकाश अचार वाले, प्रदीप आर्य, आर.एस. गुप्ता, प्रेमचंद गोयल आदि उपस्थित थे।

## सनाढ्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बने पबन चंसोरिया

### युवा संगठन का दायित्व संगीत शर्मा को,विजय को महामंत्री

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी(राजू शर्मा)।** शहर में सनाढ्य ब्राह्मण समाज की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। रविवार शाम परशुराम धर्मशाला में हुई बैठक में पंडित पवन चंसोरिया को समाज का अध्यक्ष चुना गया। पार्षद संगीत शर्मा को युवा संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है,जबकि विजय दीक्षित महामंत्री बनाए गए हैं।

निर्वाचन अधिकारी जगदीश जगरिया और विष्णु महेरे की देखरेख में यह चुनाव संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी विष्णु महेरे ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए दाऊदयाल भारद्वाज, पवन चंसोरिया और विजय दीक्षित ने आवेदन किया था। बाद में सहमति बनने पर भारद्वाज और दीक्षित ने अपना आवेदन वापस ले लिया,जिससे पवन चंसोरिया का निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

इसी प्रक्रिया के तहत विजय दीक्षित को महामंत्री का दायित्व दिया गया और पार्षद संगीत शर्मा को युवा इकाई का अध्यक्ष बनाया गया। यह सभी नियुक्तियाँ सर्वसम्मति से की गईं।

अध्यक्ष चुने जाने के बाद पंडित पवन चंसोरिया ने समाज के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वे उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का तन,मन और धन से निर्वहन करेंगे। उन्होंने समाज की एकता,शिक्षा और विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। चंसोरिया ने जल्द ही अपनी कार्यकारिणी के गठन की बात भी कही।

बैठक के दौरान परशुराम जयंती शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए यात्रा संयोजक संदीप शर्मा और कोषाध्यक्ष सचिन दीक्षित को समाज द्वारा सम्मानित किया गया।

ट्रस्ट अध्यक्ष रवि पचौरी और निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश बिधौलिया ने सभी पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सत्यदेव चंसोरिया, शिवकुमार खेमरिया,राजेश शर्मा,जगमोहन भंडारी,भारत भूषण भारद्वाज,महेश अवस्थी बाबूजी,महेश पाराशर सहित कई विप्रजन उपस्थित रहे।

## नए कानूनों की विशेषताओं और उपयोगिता पर लगाई प्रदर्शनी



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी(राजू शर्मा)।** धौलपुर में सोमवार को नए आपराधिक कानूनों पर एक जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य देश में लागू होने जा रहे तीन नए आपराधिक कानूनों - भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। मुख्य कार्यक्रम जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर एक्सपो एंड कन्वेंशन सेंटर में हुआ, जहां प्रदर्शनी के जरिए नए कानूनों की मुख्य विशेषताओं और नागरिकों से जुड़ी उपयोगिता को प्रदर्शित किया गया। धौलपुर जिले की पुलिस लाइन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के सभी थानों में भी किया गया। पुलिस लाइन में हुए इस कार्यक्रम में सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि ये तीनों नए कानून भारतीय न्याय प्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी और नागरिक हितैषी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने पालना गृहों का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भरतपुर सचिव अनुतोष गुप्ता द्वारा गुरूवार को पालना गृह, राजकीय नारी निकेतन, सेवर-मथुरा बाईपास रोड, भरतपुर तथा सोमवार को पालना गृह, राजकीय जनाना अस्पताल परिसर, मोरी चारबाग, भरतपुर का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि पालना गृह राज्य द्वारा संचालित वह सुरक्षित स्थान है, जहां कोई भी व्यक्ति अपने नवजात शिशु को गोपनीय रूप से छोड़ सकता है। इन शिशुओं की देखरेख और संरक्षण की जिम्मेदारी राज्य द्वारा वहन की जाती है। उन्होंने आमजन से अपील की कि अनचाहे नवजात शिशुओं को असुरक्षित स्थानों पर छोड़ने के बजाय, पालना गृह में सुरक्षित रूप से रखें, ताकि उनकी उचित देखरेख और संरक्षण सुनिश्चित हो सके। कोई भी व्यक्ति बिना किसी झिझक के अपने नवजात को गोपनीय तरीके से पालना गृह में छोड़ सकता है।

निरीक्षण के दौरान पालना गृह, राजकीय नारी निकेतन, सेवर-मथुरा बाईपास रोड, भरतपुर में व्यवस्थाएं असंतोषजनक पाई गईं। वहां बच्चों के पालने टूटे हुए थे, साथ ही घंटी, सफाई और रोशनी की समुचित व्यवस्था का अभाव था। इसी प्रकार, पालना गृह, राजकीय जनाना अस्पताल परिसर, मोरी चारबाग में भी परिसर के अंदर और बाहर साफ-सफाई की कमी पाई गई।

### भीलमंगरा में संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शस्त्र पूजन, काव्य गीत और वैचारिक प्रवचन के साथ हुआ आयोजन

# आरएसएस के विजयदशमी उत्सव में गूंजा वैष्णव का संदेश

बढ़ता राजस्थान



राजसमंद (सुरेश बागोरा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भीलमंगरा मंडल की ओर से विजयदशमी उत्सव बड़े उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ भीलमंगरा गांव स्थित चावंडा माता मंदिर प्रांगण में मनाया गया। यह आयोजन संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष रूप से समर्पित रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गांव के चम्पालाल माली थे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जिला सेवा प्रमुख बंजरंग दास वैष्णव और विशिष्ट अतिथि सरदारगढ़ खंड के खंड कार्यवाह कुलदीप वैष्णव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात देशभक्ति गीतों, कव्यपाठ और अवतरणों की प्रस्तुति दी गई।मुख्य वक्ता बंजरंग दास वैष्णव ने अपने संबोधन में संघ की स्थापना, उद्देश्य और समाजसेवा के विभिन्न कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ राष्ट्र निर्माण का जीवंत माध्यम है, जो समाज को एकता, अनुशासन और आत्मबल की दिशा में अग्रसर करता है।

उन्होंने पंच परिवर्तन — कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक शिष्टाचार, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता पर विस्तार से चर्चा की और सभी से इन सिद्धांतों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।वैष्णव ने ग्रामवासियों से अपील की कि हर परिवार में शस्त्र हो और युवाओं को उसका प्रशिक्षण अवश्य लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि शस्त्र आत्मरक्षा और राष्ट्र रक्षा का प्रतीक है, इसका पूजन केवल परंपरा नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी भी है।

कार्यक्रम में खंड व्यवस्था प्रमुख भरत माली, मंडल कार्यवाह मनीष माली, आगरिया मंडल कार्यवाह युवराज पारीक, खंड शारीरिक प्रमुख भैरूसिंह राठौड़, खंड विस्तारक कृपाल सिंह आईडाना सहित बड़ी संख्या में संघ कार्यकर्ता, मातृशक्ति और ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक शस्त्र पूजन किया गया और राष्ट्रगीत के साथ समारोह का समापन हुआ।

## दीपोत्सव के लिए सज-धज गई श्रीनाथजी की नगरी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** नाथद्वारा वल्लभ संप्रदाय की प्रधान पीठ श्रीनाथजी मंदिर में दीपोत्सव पर्व को लेकर तैयारियां पूरे चरम पर हैं। नगर में दीपावली का उत्सव इस बार विशेष रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मंदिर परिसर से लेकर मुख्य बाजारों तक रंग-रोगन, रोशनी और सजावट का दौर जारी है। मंदिर प्रशासन द्वारा दीपोत्सव के अवसर पर विशेष झांकी दर्शन, पुष्प सज्जा और दीप प्रज्वलन कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है। नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था के लिए अतिरिक्त टीमें लगाई गई हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय व्यापारियों में भी दीपोत्सव को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। दुकानों की सजावट के साथ नए माल की खरीदी और बिक्री में रौनक लौट आई है। इस वर्ष अच्छी बारिश और बेहतर फसलों के चलते व्यापार में भी उछाल की उम्मीद है। नाथद्वारा के बाजारों में पिचकारी कल, मीनाकारी और चांदी के गहनों की नई-नई कलाकृतियां श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं।

## संगम ग्रुप में दीपावली स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** संगम ग्रुप में दीपों की जगमगाहट और उत्साहपूर्ण वातावरण में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और शुभकामनाओं के आदान-प्रदान के साथ हुई। सीएचआरओ मनीष स्वामी के द्वारा वर्षभर की उपलब्धियों ,नए परिवर्तन,पहल,नई दिशा का उत्साहपूर्वक उल्लेख किया। वर्ष भर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को अलग अलग श्रेणी में एंप्लॉई ऑफ द ईयर, सेल्सपर्सन ऑफ द ईयर,लीडर ऑफ द ईयर चेयरमैन अवार्ड से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संगम ग्रुप के वाइस चेयरमैन डॉ एस एन मोदानी द्वारा एंप्लॉई ऑफ द ईयर के रूप में राजेश सिंह, महावीर प्रसाद रैगर, मुकेश नाथ योगी, हेमंत सेठी, अभय कोठारी, वीरेंद्र शाक्य, यश राज बाटू,चंद्र प्रकाश तथा सेल्सपर्सन ऑफ द ईयर में हिमांशु त्रिपाठी, अंकित कुमार तोशनीवाल, कपिल बाहेती, विष्णु जोशी और सविरल चौधरी को सम्मानित किया गया।चेयरमैन श्री रामपाल सोनी द्वारा लीडर ऑफ द ईयर का पुरस्कार विकास जैन को प्रदान किया गया।कार्यक्रम में चेयरमैन श्री रामपाल सोनी ने इस अवसर पर टीम वर्क के साथ कार्य करके आगे बढने का संदेश के साथ दीवाली की शुभकामनाएं दी। संगम समूह प्रबंधन टीम से मैनेजिंग डायरेक्टर अनुराग सोनी,एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर वीके सोडाणी, सीईओ यार्न डेनिम प्रणल मोदानी ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उन्हें निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम का संचालन सीएचआरओ मनीष स्वामी , पीआरओ डा राजकुमार जैन ने किया। रंगारंग आतिशबाजी ,मधुर संगीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## समर्पण की मिसाल,ब्यावर के अजय गुप्ता पहुंचे शिक्षा उप निदेशक पद की ऊंचाई पर



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार गुप्ता को उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और प्रशासनिक दक्षता के लिए शिक्षा उप निदेशक पद पर पदोन्नत किया गया है।राज्य सरकार के संयुक्त शासन सचिवालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, विभागीय स्तर पर कुल 47 अधिकारियों की पदोन्नति की गई है। इस सूची में ब्यावर के अजय गुप्ता का नाम शामिल होना पूरे जिले के लिए सम्मान की बात है।पदोन्नति के समाचार के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शुभचिंतकों और सहकर्मियों का तांता लग गया।विभाग के कर्मचारियों, शिक्षकों और सहयोगियों ने गुप्ता का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया तथा मिठाइयाँ वितरित कर हर्ष व्यक्त किया। अजय गुप्ता ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है, और वे आगे भी शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता व नवाचार के लिए तत्पर रहेंगे ।

## श्री सांवरिया सेठ भजन संध्या का भव्य आयोजन 17 अक्टूबर को अजमेर में



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी) ।** श्री सांवरिया सेठ युवा समिति, अजमेर के तत्वावधान में आगामी 17 अक्टूबर को एक भव्य भजन संध्या इंतजार सांवरे का का आयोजन किया जा रहा है। यह भक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम ज्ञान विहार कॉलोनी के गेट के बाहर बी.के. कॉल में रात्रि 8 बजे से आयोजित होगा। समिति के पदाधिकारियों ने सोमवार को इस कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए बताया कि भजन संध्या में भक्तों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायकों की प्रस्तुतियां और श्री सांवरिया सेठ की मनमोहक झांकी मुख्य आकर्षण होंगी। श्री सांवरिया सेठ युवा समिति के पदाधिकारी दिनेश पमनानी, रजत खत्री, मनीष खंडेलवाल, संजय दसलानिया और उदय प्रताप ने संयुक्त रूप से बताया कि इस भजन संध्या का उद्देश्य भक्तों को श्री सांवरिया सेठ के प्रति अपनी भक्ति और श्रद्धा को और गहरा करने का अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या के पोस्टर का विमोचन भी किया गया, जिसने आयोजन की भव्यता को और उजागर किया। इस अवसर पर समिति ने सभी भक्तों और श्रद्धालुओं को इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने का हार्दिक आमंत्रण दिया है।

भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा और अजमेर के लोकप्रिय गायक जॉन अजमेरी अपनी मधुर आवाज में भजनों की सरिता बहाएंगे। इसके साथ ही दिल्ली की प्रसिद्ध मनोज रिया एंड पार्टी की धार्मिक प्रस्तुतियां इस आयोजन को और अधिक विशेष बनाएंगी। उनके भजनों के माध्यम से भक्तों को भक्ति रस में डूबने का अवसर प्राप्त होगा। इस आयोजन की एक और विशेषता श्री सांवरिया सेठ धाम मंडफिया के मुख्य पुजारी विशाल महाराज का सान्निध्य होगा। उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ेगी। इसके अलावा, श्री सांवरिया सेठ की मनमोहन झांकी और विशेष श्रृंगार भी भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस झांकी को देखकर भक्तों का मन भक्ति भाव से सराबोर हो जाएगा।

### 7.62 करोड़ रूपए की मिली स्वीकृति, एडीए खर्च करेगा राशि, 9 मीटर चौड़ी होगी सड़क

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दी सौगात

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** 13 अक्टूबर को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश पर अजमेर से पुष्कर की कनेक्टीविटी के लिए वरूण सागर से खरेकड़ी तक 7.62 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की। इससे अजमेर से पुष्कर की कनेक्टीविटी और सुगम होगी।
विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेरवासियों को एक और बड़ी सौगात दी है। शहर के वरूण सागर से खरेखड़ी तक नई सडक़ निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। इस सडक़ के निर्माण पर 7.62 करोड़ रुपये का व्यय होगा। इसकी राशि अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा वहन की जाएगी। श्री देवनानी द्वारा एडीए अधिकारियों को निर्देश दिए है कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और निर्धारित समय सीमा में सडक़ निर्माण कार्य पूरा किया जाए ताकि जनता शीघ्र इसका लाभ उठा सके। क्षेत्र के लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के इस निर्णय का स्वागत किया है और उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। लोगों का मानना है कि यह सडक़ निर्माण क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।
निर्माणाधीन सडक़ की चौड़ाई 9 मीटर होगी। इससे अजमेर-पुष्कर मार्ग पर यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा और पर्यटकों के लिए भी आवागमन आसान होगा। यह सडक़ न केवल स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधा देगी, बल्कि धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से भी क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे आवागमन समय की बचत होगी और क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी। इस सडक़ के निर्माण से न केवल अजमेर और पुष्कर के बीच की दूरी कम महसूस होगी, बल्कि यह क्षेत्रीय विकास, पर्यटन संवर्धन और नागरिक सुविधा के नए द्वार भी खोलेगी।
अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक गली-मोहल्ले को सडक़ों से जोड़ा जा रहा है। क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। लोहागल में साइंस पार्क सहित कई अन्य विकास परियोजनाएं क्षेत्र की कायापलट कर देंगी। इसी प्रकार पर्यावरणीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गंगा-भैरव घाटी काजीपुरा में लेपर्ड सफारी का निर्माण भी किया जा रहा है। यहां टिकट खिडक़ी, रेस्ट प्वाइंट्स, सेल्फी प्वाइंट्स तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं विकसित की जाएगी। स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## विश्व हिंदू परिषद ने स्वदेशी उत्पादों एवं स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने हेतु कपासन में पोस्टर का विमोचन कर जागरूकता का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा त्यौहारी सीजन में स्वदेश उत्पादों की एवं ऑनलाइन नहीं बल्कि प्रतिष्ठानों पर जाकर खरीददारी करने के लिए आमजन को प्रेरित करने हेतु सोमवार को एक पोस्टर का विमोचन किया गया।
विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री कपासन गोपालकृष्ण काबरा ने बताया कि त्योहारों पर स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी की आमजन से अपील करने हेतु विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के संयोजन में नगर के बस स्टेंड स्थित श्रीरामद्वारा परिसर में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे व्यापारी वर्ग द्वारा पोस्टर का विमोचन कर त्योहारी सीजन में स्थानीय व्यापार एवं रोजगार को बढ़ावा मिले।ऑनलाइन मार्केटिंग का बहिष्कार हो संबंधी पोस्टर का विमोचन कर जागरूकता संदेश दिया गया। विहिप जिला उपाध्यक्ष दिलीप बारेगामा ने चाइनीज लाइटों का त्याग कर हस्त निर्मित दीयों का उपयोग करने की अपील की।बजरंग दल जिला सहसंयोजक रोहित सिंह राजपूत ने कहाकि धार्मिक आयोजन में आर्थिक सहयोग व आवश्यकता पर बाजार बंद रख स्थानीय व्यापारियों द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जाता रहा है।इसलिए आमजन को स्थानीय बाजारो से खरीदारी करे जिससे स्थानीय व्यापार में इजाफा तथा बाजारो में रौनक रहें। इस दौरान नगर पालिका कपासन पार्षद एवं मिष्ठान संघ अध्यक्ष मुकेश पलोड़,विहिप प्रखंड अध्यक्ष मुकेश जगेटिया,किराणा व्यापार संघ अध्यक्ष कोमल बारेगामा,विश्वकर्मा बिल्डिंग मटेरियल संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सोमानी,कपड़ा व्यापार संघ प्रदीप सोमानी, रेडीमेड कपड़ा संघ अध्यक्ष नरेश ईनानी,ऑटो मोबाइल्स संघ अध्यक्ष अभिषेक दुग्गड़,मिष्ठान संघ मुकेश पलोड़,इलेक्ट्रॉनिक व्यापार संघ प्रतिनिधि सत्यनारायण चोटिया,मोबाइल व्यापार संघ सतीश डाड,हैंडीक्राफ्ट संघ डालचंद कुम्हार,बजरंग दल के लाला चाष्टा आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## श्री निमडिय़ा भैरव देव पर कालाष्टमी के अवसर पर महा आरती का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** महाकाल के अवतार काल भैरव की जयंती कालाष्टमी के पावन अवसर पर श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला के समीप स्थित श्री निमडिया भैरव देव मंदिर परिसर में सोमवार को भव्य महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भैरव भक्तों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ सहभागिता निभाई।
कार्यक्रम का शुभारंभ भैरव वंदना और मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। तत्पश्चात श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भैरव भक्त निलेश खेरोदिया, चिराग मंत्री, अंतरिक्ष साहू, यश मोदी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने आरती में भाग लेकर भगवान भैरव के चरणों में पुष्प अर्पित किए।
इस अवसर पर शंभू नाथ जी द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ श्री निमडिया भैरव देव जी की महा आरती संपन्न कराई गई। आरती के दौरान पूरा परिसर जय काल भैरव के जयघोषों से गूंज उठा। भक्तों ने धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित कर भैरव देव से सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। आरती उपरांत भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया।
भैरव भक्तों ने बताया कि कालाष्टमी का यह पर्व भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन भैरव पूजा-अर्चना से व्यक्ति को भय, विघ्न और संकटों से मुक्ति मिलती है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

## सुखाड़िया सर्कल अंडर ब्रिज से पटरी पार जाने वाले नागरिकों को मिलेगी स्थाई राहत

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा के सुखाडिया सर्कल, डी मार्ट के सामने स्थित रेलवे अंडर ब्रिज से पटरी पार जाने वाले हजारों नागरिकों की वर्षों पुरानी समस्या का जल्द ही स्थाई समाधान होने वाला है। भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी की सक्रिय पहल और अनुशंसा से यह कार्य मूर्त रूप ले रहा है। यह रेलवे अंडर ब्रिज पटरी पार की कई कॉलोनियों को शहर के 100 फीट और 200 फीट रोड से जोडने वाला एक महत्वपूर्ण लिंक रोड है। यहां से कॉलोनी के नन्हे-मुन्ने बच्चों, कामगार भाइयों और मध्यमवर्गीय परिवारों को तीनों शिफ्टों में आवागमन करना पड़ता है। वर्षों से कॉलोनीवासियों और राहगीरों को इस मार्ग पर खासकर बारिश के दिनों में जलभराव और खराब सडक़ के कारण भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। विधायक अशोक कोठारी ने करीब डेढ़ माह पूर्व बारिश के समय स्वयं मौके पर नगर विकास न्यास के अधिकारियों को बुलाया और उन्हें तत्काल आवश्यक निर्देश दिए थे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया था कि बारिश थमने के बाद यह रोड अंडर ब्रिज तक सीसी रोड, ड्रेनेज सिस्टम और लाइटिंग के साथ व्यवस्थित रूप से बन जाना चाहिए। इसी क्रम में, सुखाडिया सर्कल से अंडर ब्रिज तक सीसी रोड का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शीघ्र ही अंडर ब्रिज के अंदर और आसपास के महत्वपूर्ण हिस्से में निर्माण कार्य प्रारंभ हो रहा है, जिसमें ड्रेनेज सिस्टम को सुव्यवस्थित किया जाएगा और लाइटिंग की उचित व्यवस्था की जाएगी। इस कार्य के पूरा होने से पटरी पार की 18 से अधिक कॉलोनियों के हजारों नागरिकों को आवागमन में स्थायी और सुगम सुविधा प्राप्त होगी जिससे उनकी वर्षों पुरानी परेशानी दूर होगी।

## 52 वर्षों बाद लौटे गौरव के प्रतीक

### सैनिक स्कूल चित्तौड़ग़ढ़ के एथलेटिक्स समारोह में मुख्य अतिथि बनेंगे पूर्व छात्र कर्नल (सेनि.) छोटू सिंह राठौड़

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** सैनिक स्कूल चित्तौड़ग़ढ़ के वार्षिक एथलेटिक्स समारोह में इस वर्ष एक विशेष और ऐतिहासिक अवसर आने वाला है। इस बार विद्यालय ने अपने ही गौरवशाली पूर्व छात्र और 1972-73 सत्र के सर्वश्रेष्ठ एथलीट रहे कर्नल (सेनि.) छोटू सिंह राठौड़ को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। यह वही छोटू सिंह हैं जिनके बनाए 100 मीटर दौड़ (11.00 सेकंड) और हाई जंप (6 फीट 3 इंच) के रिकॉर्ड आज भी 52 वर्षों बाद तक अटूट हैं। कर्नल राठौड़ ने जनवरी 1967 में सैनिक स्कूल चित्तौड़ग़ढ़ में प्रवेश लिया था। छात्र जीवन के दौरान वे अपनी अनुशासित नेतृत्व क्षमता और खेल कौशल के लिए जाने जाते थे। वर्ष 1972 में वे 'बी बॉयज़ ग्रुप' में राजस्थान चैंपियन बने और कोट्टायम (केरल) में आयोजित अंतर-राज्यीय राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। वहाँ उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रभावित चयनकर्ताओं ने उन्हें म्यूनिख ओलंपिक टीम के साथ जाने का अवसर प्रदान किया था, परंतु उन्होंने एनडीए परीक्षा की तैयारी के लिए यह प्रस्ताव विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया। जुलाई 1973 में एनडीए से चयनित होकर उन्होंने आईएमए देहरादून से प्रशिक्षण प्राप्त किया और सेकंड लेफ्टिनेंट के रूप में भारतीय सेना में नियुक्त हुए। अपने 33 वर्षों के विशिष्ट सैन्य करियर के दौरान कर्नल राठौड़ ने श्रीलंका (1987-88), सियाचिन (1999) और कारगिल (1999) अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्हें सेना प्रमुख द्वारा प्रशंसा-पत्र से भी सम्मानित किया गया। वर्ष 1997 में वे कर्नल बने और सेंट्रल ऑर्डनेंस डिपो, मुंबई का नेतृत्व किया। जनवरी 2010 में सेवानिवृत्ति के बाद वे वर्तमान में जयपुर के विद्याधर नगर में निवासरत हैं। सैन्य विद्यालय परिवार के लिए यह अवसर अत्यंत गर्व का विषय होगा कि वही छात्र, जिसने कभी इसी मैदान पर इतिहास रचा था, अब उसी मैदान पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

## दायित्व के प्रति सजगता का संदेशः एडीएम ब्रह्मलाल जाट का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** प्रशासनिक अनुशासन और जवाबदेही को सशक्त करने के उद्देश्य से अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट ने आज ब्यावर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली एवं अभिलेख संधारण की स्थिति का गहन अवलोकन किया।जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) कार्यालय में निरीक्षण के समय एक सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं दो कनिष्ठ सहायक अनुपस्थित पाए गए, जिस पर एडीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।इसी तरह अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में एक कर्मचारी अनुपस्थित मिला।

### 2016 की गौरवशाली पदयात्रा को याद कर सैकड़ों भक्तों का किया गया आभार व्यक्त

## सांवलिया सेठ का नवां पाटोत्सव हुआ संपन्न, ज्योति पदयात्रा सेवकों हुए सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** नौगांवा स्थित श्री सांवलिया सेठ मंदिर में नवां पाटोत्सव आस्था और भक्ति के अद्भुत संगम के साथ संपन्न हुआ। कार्तिक कृष्ण सप्तमी, सोमवार, को आयोजित इस विशेष समारोह में वर्ष 2016 की ऐतिहासिक ज्योति पदयात्रा में निस्वार्थ सेवा देने वाले सैकड़ों भक्तजनों को सम्मानित कर उनका आभार व्यक्त किया गया। मंदिर परिसर में अलौकिक वातावरण और जयकारों के बीच भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी के बताया की कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9.00 बजे हवन-यज्ञ के साथ हुई। इस दौरान ओम बूलिया के विशेष आग्रह पर विशिष्ट भक्तों ने अपनी धर्मपत्नियों के साथ यजमान के रूप में धोती धारण कर आसन ग्रहण किया। हवन-यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद, सुबह 10.00 बजे से महंत मदन मोहन दास, संरक्षक डीपी अग्रवाल, ओम बुलिया, रामेश्वर छिपा, भवानी शंकर जोशी, नरेंद्र जैन, दादा पुरुषोत्तम, लोकेश सुवालका राश्मी, पंडित प्रकाश शर्मा मंगरोप, चेनसुख बुलिया, सुरेश गुप्ता, विजय राठी, गणेश प्रजापत, मनीष बहेडिया, रामप्रकाश बहेडिया, राधेश्याम वैष्णव रायपुर, विनीत द्विवेदी, भरत, कन्हैयालाल गर्ग सांवरियाजी, प्यारचंद गर्ग निंबाहेड़ा, अशोक तिवारी, संजय सेन आदि सेवकों और भक्तजनों को मठरी प्रसाद, दुप्पटा व माला पहनाकर सप्तनिक सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष 2016 में सांवलिया सेठ के मूल मंदिर मण्डफिया से प्रज्वलित गौरवशाली ज्योतिरथ को लगभग 50 गाँवों का भ्रमण कराते हुए नौगांवा तक लाने के पुनीत कार्य में अपूर्व सहयोग दिया था। इसी पवित्र ज्योत का उपयोग बाद में नौगांवा स्थित विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा और यज्ञ संपन्न करने में किया गया था। सम्मान समारोह के बाद राजभोग दर्शन और आरती हुई। इस अवसर पर भगवान सांवलिया सेठ को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया, जिसे बाद में उपस्थित सभी धर्मप्रेमी बंधुओं ने भोजन-प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी, महामंत्री कैलाश डाड, संरक्षक डीपी अग्रवाल, और उपाध्यक्ष कमल कंदोई ने सभी का आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष सोडानी ने कहा कि भक्तों की गरिमामय उपस्थिति से कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन हुआ है और सभी ने ठाकुर जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# रिटेल महंगाई 8 साल में सबसे कम

## सितंबर में घटकर 1.54% पर आई, खाने-पीने का सामान सस्ता होने का असर; अगस्त में 2.07% थी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सितंबर में रिटेल महंगाई करीब 8 साल के निचले स्तर 1.54% पर आ गई है। इससे पहले जून 2017 में भी ये इतनी थी। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में गिरावट है।

वहीं अगस्त में रिटेल महंगाई 2.07% रही थी। रिटेल महंगाई के आधिकारिक आंकड़े सरकार ने 13 अक्टूबर को जारी किए हैं। रिजर्व बैंक का लक्ष्य महंगाई को 4% -2% की सीमा में रखने का है।

महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 0.64% से घटकर माइनस 2.28% हो गई है। सितंबर महीने में ग्रामीण महंगाई दर 1.69% से घटकर 1.07% हो गई है। वहीं शहरी महंगाई 2.47% से घटकर 2.04% पर आ गई है।

महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी।

इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।

### सीपीआई से तय होती है महंगाई

एक ग्राहक के तौर पर आप और हम रिटेल मार्केट से सामान खरीदते हैं। इससे जुड़ी कीमतों में हुए बदलाव को दिखाने का काम कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी सीपीआई करता है। हम सामान और सर्विसेज के लिए जो औसत मूल्य चुकाते हैं, सीपीआई उसी को मापता है।

# बगावत के बाद मंत्री के बेटे को आरसीए से निकाला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) का सियासी घमासान लगातार बढ़ता जा रहा है। एडहॉक कमेटी के कन्वीनर दीनदयाल कुमावत ने हेल्थ मिनिस्टर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर की अध्यक्षता वाले जोधपुर जिला क्रिकेट संघ की मान्यता को रद्द कर दिया है।

इसके साथ ही दीनदयाल कुमावत ने कमेटी के तीन और सदस्यों के खिलाफ लोकपाल में आरसीए के संविधान के खिलाफ काम करने को लेकर शिकायत की है। ऐसे में तीन और जिला क्रिकेट संघ पर अब जांच के साथ कार्रवाई की तलवार लटक गई है। इनमें प्रतापगढ़ के पिंकेश जैन, अलवर के मोहित यादव और सीकर के आशीष तिवाड़ी शामिल हैं।

# 3 लाख लोगों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन रोकी

## आय पात्रता की गहराई से होगी जांच, 24 हजार से ज्यादा का बिजली बिल भरने वालों को देंगे नोटिस, आय 48 हजार से ज्यादा मिली तो पेंशन रद्द

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** सरकार ने 3 लाख से ज्यादा लोगों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन रोक दी है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने 24 हजार से ज्यादा सालाना बिजली बिल भरने वाले पेंशन लाभार्थियों को नोटिस भेजा है। विभाग ने उनकी आय की जांच करवाने के आदेश दिए हैं। जांच पूरी होने तक पेंशन नहीं दी जाएगी।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के प्रमुख सचिव आशीष मोदी ने कलेक्टरों को चिट्ठी लिखी है। इसमें 24 हजार से ज्यादा का सालाना बिजली बिल भरने वाले पेंशनर्स की आय की नए सिरे से जांच करने और तब तक पेंशन रोकने के आदेश दिए हैं। अब इन पेंशनर्स को नोटिस जारी करने की तैयारी है।

अब संबंधित सामाजिक सुरक्षा पेंशन मंजूर करने वाले अधिकारी के स्तर से पेंशन लाभार्थियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। उनकी पेंशन के लिए आय पात्रता की गहराई से जांच की जाएगी। जांच में अगर आय 48 हजार सालाना से ज्यादा पाई जाएगी तो उनकी पेंशन स्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी। पेंशन लाभार्थियों की आय अगर 48 हजार या इससे कम पाई जाती है तो रोकी हुई पेंशन फिर से शुरू कर दी जाएगी। इसे लेकर प्रमुख सचिव ने सभी जिलों को निर्देश जारी किए हैं।

आयोजना विभाग (प्लानिंग डिपार्टमेंट) के अधीन आने वाले जनाधार प्राधिकरण ने तीनों डिस्कॉम से सालाना बिजली बिल भुगतान की रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी है। इस रिपोर्ट में सामने आया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन ले रहे 2,05,998 परिवारों के कुल 3,02,000 पेंशन लाभार्थियों ने 24 हजार से ज्यादा का सालाना बिजली बिल भरा है। सितंबर 2023 से लेकर अगस्त 2024 तक 24 हजार से ज्यादा का बिजली बिल भरने वालों का ब्योरा दिया गया।

प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए 48 हजार रुपए की आय सीमा है। 48 हजार से ज्यादा सालाना आय पर पेंशन नहीं मिलती है। प्रदेश में बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1 हजार से 1500 तक मिलती है। जो हर साल 15 प्रतिशत बढ़ती है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के आदेशों के मुताबिक 3 लाख से ज्यादा लोगों ने सालाना 24 हजार से ज्यादा का बिजली बिल भरा है।

# 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना पोर्टल का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना में विद्युत उपभोक्ताओं के पंजीयन के लिए विकसित पोर्टल का सोमवार को जेईसीसी में आयोजित कार्यक्रम में शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहे। राजस्थान डिस्कॉम्स ने यह पोर्टल विकसित किया है।

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती एवं सुलभ सौर ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जादाता बनाने की दिशा में यह योजना मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अनूठी पहल है। वर्ष 2025-26 के बजट में राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के लाभार्थियों को और अधिक लाभ देने की मंशा के उद्देश्य से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के साथ लीवरेज करते हुए 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना की महत्वपूर्ण घोषणा की थी। इस घोषणा की क्रियान्विति के प्रथम चरण में मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के रजिस्टर्ड उपभोक्ता https://www.energy.rajasthan.gov.in/Jvvnl, https://www.energy.rajasthan.gov.in/Jdvvnl, https://www.energy.rajasthan.gov.in/avvnl तथा वेबपोर्टल BijliMitra के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं।

**1.1 किलोवाट क्षमता के रूफ टॉप सोलर पर प्रथम चरण में डिस्कॉम्स देंगे 17 हजार की अतिरिक्त आर्थिक सहायता :** पोर्टल के जरिए मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के रजिस्टर्ड उपभोक्ता अपने "के नम्बर" दर्ज करके 150 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना में ओटीपी के माध्यम से अपनी पात्रता की स्थिति जान सकेंगे। इस प्रक्रिया में मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के रजिस्टर्ड उपभोक्ता स्वयं की छत की उपलब्धता की जानकारी पोर्टल पर देंगे तथा स्वयं रूफ टॉप सोलर लगाने की सहमति देंगे। जिससे डिस्कॉम्स के पास यह विवरण दर्ज होगा कि उपभोक्ता अपने घर की छत पर स्वयं सोलर पैनल लगाने के इच्छुक हैं। इसके बाद यह पात्र उपभोक्ता पीएम सूर्यघर पोर्टल पर रजिस्टर्ड वेन्डरों के माध्यम से स्वयं की छत पर रूफ टॉप सोलर लगवाएंगे। ऐसे प्रत्येक उपभोक्ता को 1.1 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रति संयंत्र 33,000 रुपये की वित्तीय सहायता (3 किलोवाट क्षमता तक अधिकतम 78 हजार रूपए) भारत सरकार से मिलेगी। वहीं राजस्थान डिस्कॉम्स द्वारा 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना के अन्तर्गत 17,000 रूपए प्रति संयंत्र की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। इससे 1.1 किलोवाट क्षमता का पैनल पूरी तरह निशुल्क हो जाएगा। वहीं जो उपभोक्ता मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना में रजिस्टर्ड नहीं हैं, वे पीएम सूर्यघर पोर्टल के माध्यम से वेंडर्स चुनकर स्वयं का रूफ टॉप सोलर लगा सकेंगे। इस पर वे नियमानुसार केन्द्रीय वित्तीय सहायता ही प्राप्त कर सकेंगे।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2070 तक भारत को कार्बन उत्सर्जन मुक्त राष्ट्र बनाने का विराट संकल्प लिया है। इस संकल्प की सिद्धि में यह योजना देश के अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय सिद्ध होगी। इससे जहां स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग कर प्रदेश का प्रत्येक घरेलू बिजली उपभोक्ता न केवल स्वयं की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि ऊर्जादाता भी बन सकेगा।

### पहले ही दिन 6,864 उपभोक्ताओं ने कराई सहमति दर्ज

पोर्टल के शुभारंभ के पहले दिन शाम 7.30 बजे तक मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के 6,864 रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं ने 150 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना के अन्तर्गत स्वयं की छत पर रूफ टॉप सोलर लगाने की सहमति दर्ज कराई। इनमें जयपुर डिस्कॉम के 3570, अजमेर डिस्कॉम के 1975 तथा जोधपुर डिस्कॉम के 1319 उपभोक्ता हैं।

# सहकार दीपोत्सव मेला का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने सोमवार को जयपुर के भवानी सिंह रोड़ स्थित नवजीवन सहकारी बाजार में राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) द्वारा आयोजित किए जा रहे 'सहकार दीपोत्सव मेला-2025' का गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत शुभारम्भ किया। यह मेला 19 अक्टूबर तक प्रातः 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आमजन के लिए गुणवत्तापूर्ण ग्रीन पटाखे एवं अन्य त्योहारी सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध करवाई गई है।


दक ने इस अवसर पर कहा कि सहकारिता गुणवत्ता का प्रतीक है। दीपावली के त्योहार पर आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिवर्ष कॉनफेड द्वारा सहकार दीपोत्सव मेले का आयोजन किया जाता है।

उन्होंने कहा कि उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर उपभोक्ता संघ की अपनी एक विशेष पहचान है और लोग इस पर भरोसा करते हैं। सहकारिता विभाग 'सहकार से समृद्धि' की दिशा में कार्य करता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर हमारा खास फोकस रहता है।

# चांदी एक दिन में 10,825 रुपए महंगी, 1.75 लाख पार पहुंची

## सोना ₹2,630 बढ़कर ₹1.24 लाख पार हुआ, दोनों ऑलटाइम हाई पर

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोने और चांदी की कीमत पुष्य नक्षत्र से एक दिन पहले 13 अक्टूबर को अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, चांदी की कीमत एक दिन में 10,825 रुपए बढ़कर 1,75,325 रुपए प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। शुक्रवार को ये 1,64,500 रुपए पर थी।

वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2,630 रुपए बढ़कर 1,24,155 रुपए हो गए हैं। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,21,525 रुपए पर था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है।

इस साल अब तक सोने की कीमत 47,993 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,24,155 रुपए हो गया है।

चांदी का भाव भी इस दौरान 89,308 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,75,325 रुपए प्रति किलो हो गई है।

**1.55 लाख रुपए तक जा सकता है सोना**

गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डॉलर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपए में यह लगभग 1,55,000 रुपए प्रति 10 ग्राम होगा। ब्रोकरेज फर्म पीएल कैपिटल के डायरेक्टर संदीप रायचुरा ने कहा कि सोना 1,44,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

# मुख्यमंत्री ने राज्य कर्मचारियों को दिया दीपावली उपहार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा राज्य कर्मचारियों को दीपावली के उपहार के रूप में तदर्थ बोनस देने के लिए वित्त मंत्री दिया कुमारी के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया गया है, जिससे राज्य सरकार के लगभग 6 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे। राज्य सेवा के अधिकारियों को छोड़कर, राज्य कर्मचारियों को, जो राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतन) नियम, 2017 के पे मेट्रिक्स के पे लेवल L-12 अथवा ग्रेड-पे रू. 4800/- और उससे कम में वेतन आहरित कर रहे हैं, उन्हें वर्ष 2024-25 के लिये तदर्थ बोनस स्वीकार किया गया है। तदर्थ बोनस की गणना अधिकतम परिलब्धियां 7000 रु. तथा 31 दिन के माह के आधार पर की जाएगी। तदर्थ बोनस 30 दिन की अवधि के लिए देय होगा। तदनुसार प्रत्येक कर्मी को अधिकतम 6774 रु. तदर्थ बोनस देय होगा।

## मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबंल योजना

# 5 लाख दुग्ध उत्पादक किसानों को 364 करोड़ रुपए का मिला अनुदान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान सरकार की मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के करीब 5 लाख रजिस्टर्ड दुग्ध उत्पादक पशुपालकों को एक साथ सात माह की अनुदान राशि का भुगतान सोमवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह व मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने जेईसीसी में आयोजित एक समारोह में डीबीटी के माध्यम से किया। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बताया कि जनवरी-2025 से जुलाई-2025 तक का कुल 364 करोड़ रुपए के अनुदान का हस्तांतरण किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत दुग्ध उत्पादकों को सरस डेयरी से संबंधित दुग्ध समितियों को दूध बेचने पर प्रति लीटर 5 रुपए की अनुदान राशि सीधे उनके खातों में दी गई है। इससे लगभग 5 लाख पशुपालक किसानों को लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए राजस्थान सरकार ने बजट वर्ष-2025-26 में 650 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है।

**24 जिलों के पशुपालकों को खातों में पेमेंट ट्रांसफर :** मंत्री श्री कुमावत ने बताया कि अजमेर जिले के दुग्ध उत्पादक किसानों को 40 करोड़ 22661 रुपए, अलवर के 18 करोड़ 35 लाख 81190 रुपए, बांसवाड़ा के 20 करोड़ एक लाख 85190 रुपए, बारां के चार करोड़ 97 लाख 9955 रुपए, बाड़मेर जिले के 6 करोड़ एक लाख 77 हजार 178 रुपए, भरतपुर जिले के 16 करोड़ 8 लाख 75700 रुपए, भीलवाड़ा के 46 करोड़ 18 लाख 66585 रुपए, बीकानेर के 11 करोड़ 90 लाख 3581 रुपए, चितौड़गढ के 12 करोड़ 10 लाख 29970 रुपए, चूरू के 25 करोड़ 4 लाख 52330 रुपए, जयपुर के 139 करोड़ 7 लाख 94980 रुपए, जैसलमेर के 14 करोड़ एक लाख 4905 रुपए, जालोर के 41 करोड़ 6 लाख 88773 रुपए, झालावाड़ के 21 करोड़ 6 लाख 1605 रुपए तथा जोधपुर जिले के दुग्ध उत्पादक पशुपालकों के लिए 10 करोड़ 67 लाख 54925 रुपए उनके खाते में डीबीटी किए गए हैं। इसी तरह कोटा जिले के दुग्ध उत्पादक पशुपालक किसानों के लिए 8 करोड़ 60 लाख 73554 रुपए, नागौर के लिए 47 करोड़ 4 लाख 79355 रुपए, पाली जिले के लिए 10 करोड़ 82 लाख 43388 रुपए, राजसमंद जिले के लिए 3 करोड़ 41 लाख 29230 रुपए, सवाई माधोपुर के लिए 10 करोड़ 35 हजार 30 रुपए, श्रीगंगानगर जिले के लिए 18 करोड़ 48 लाख 9934 रुपए, सीकर के लिए 7 करोड़ 89 लाख 62191 रुपए, टोंक के लिए 5 करोड़ 93 लाख 49542 रुपए तथा उदयपुर जिले के पशुपालकों के लिए 10 करोड़ 14 लाख 94502 रुपए उनके खातों में अनुदान राशि के रूप में ट्रांसफर की गई है।

## नेतन्याहू ने ट्रम्प के लिए नोबेल मांगा; ट्रम्प बोले- युद्ध के साथ आतंक का भी अंत

# हमास ने सभी 20 इजराइली बंधक रिहा किए

बढ़ता राजस्थान



**तेल अवीव (एजेंसी)।** हमास ने सभी 20 इजराइली बंधकों को रिहा कर दिया है। इन्हें 7 और 13 के दो बैच में छोड़ा गया। हमास ने इन्हें रेडक्रॉस के जरिए इजराइली सेना के हवाले किया गया। हमास के पास अब कोई भी जिंदा इजराइली बंधक नहीं है। इसके बदले में इजराइल ने 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पीएम नेतन्याहू के साथ इजराइली संसद को संबोधित किया। नेतन्याहू ने ट्रम्प के लिए अगले साल के नोबेल पीस प्राइज की मांग की।

वहीं, ट्रम्प ने कहा कि आज का दिन अब्राहम, इसहाक और याकूब के ईश्वर को धन्यवाद देने का दिन है। यह सिर्फ युद्ध का बल्कि यह आतंक का अंत है और आस्था और उम्मीद की शुरुआत भी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइल की संसद (नेसेट) में 65 मिनट का भाषण दिया। उन्होंने कहा- हम एक ऐसी विरासत बनाएंगे, जिस पर इस क्षेत्र के सभी लोग गर्व करेंगे। हम एक बेहतर भविष्य बनाएंगे। उन्होंने तेल अवीव से दुबई, हाइफा से बेरूत, यरुशलम से दमिश्क, और इजराइल से मिस्र, सऊदी अरब, कतर, भारत, पाकिस्तान, इंडोनेशिया, इराक, सीरिया, बहरीन, तुर्किये, जॉर्डन, यूएई, ओमान, आर्मेनिया और अजरबैजान जैसे देशों के बीच दोस्ती और व्यापार बढ़ाने की बात कही।

ट्रम्प ने कहा कि नेतन्याहू बहुत साहसी और देशभक्त हैं और उनकी मदद के बिना आज का दिन संभव नहीं हो पाता।

ट्रम्प ने अपने भाषण में गाजा बंधक समझौते के लिए अरब देशों और मुस्लिम नेताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने हमास पर दबाव बनाकर बंधकों को रिहा कराने में मदद की।

ट्रम्प ने कहा कि हमें बहुत सारी मदद मिली... कई ऐसे लोगों से, जिनके बारे में आप सोच भी नहीं सकते। मैं उनकी बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने आगे कहा- यह इजराइल और दुनिया के लिए एक बड़ी जीत है कि इतने सारे देश शांति के लिए एक साथ काम कर रहे हैं। यह एक नए मिडिल ईस्ट की ऐतिहासिक सुबह है। इजराइली सूत्रों के अनुसार, हमास गाजा में बचे सभी मृत बंधकों के शवों को नहीं ढूंढ पा रहा है। इससे दूसरे चरण के समझौते में मुश्किलें आ रही हैं।

सूत्रों के अनुसार, इजराइल सरकार को पता है कि हमास कुछ मृत बंधकों का ठिकाना नहीं जानता और उन्हें वापस लाने में असमर्थ है। फिलहाल, यह संख्या 1 से 9 बताई जा रही है, जबकि इसके और ज्यादा होने का अनुमान है। इजराइल ने हाल की शांति बातचीत में सभी बंधकों (जीवित और मृत) की वापसी का शर्त रखी थी। अमेरिका को भी इस बात की जानकारी है कि कुछ बंधक गाजा के उन समूहों के कब्जे में हैं, जिन पर हमास का पूरा कंट्रोल नहीं है।

अमेरिकी अधिकारी बारबरा लीफ ने सीएनएन से कहा कि मृत बंधकों की वापसी मुश्किल हो सकती है। पूर्व इजराइली सैन्य कमांडर गल हिर्श ने कहा कि सभी बचे हुए शवों को खोजने के लिए इजराइल, अमेरिका, मिस्र, कतर और तुर्की एक संयुक्त टीम बनाएगी।

ट्रम्प ने अपने भाषण में गाजा बंधक समझौते के लिए अरब देशों और मुस्लिम नेताओं की तारीफ की।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।